हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 134, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 12 नवम्बर, 2023 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी


## 'हम जनता से किए वादों को नहीं भूलते', जेपी नड्डा ने जारी किया भाजपा का चुनावी घोषणापत्र



भोपाल। मध्य प्रदेश चुनाव के मद्देनजर भाजपा अपना संकल्प पत्र जारी कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डु ने इसका विमोचन किया है। इस दौरान उन्होंने भाजपा का एक मंत्र भी बताया। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्र रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म है। घोषणापत्र जारी करते हुए जेपी नड्डा ने कहा, "समय के साथ-साथ घोषणा पत्र की महत्ता धीरे-धीरे घटती गई है, क्योंकि राजनीतिक दलों ने पहले लुभाने और फिर-फिर भुलाने का काम किया है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिसने इस डॉक्यूमेंट को अपने रोडमैप का जरिया बनाया है और इसे जमीन पर उतारने का काम भी किया है। ये हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है।" उन्होंने कहा, "राज्य का बजट 14 गुना बढ़ गया है, सकल राज्य घरेलू उत्पाद 19 गुना बढ़ गया है। हम रिपोर्ट कार्ड की राजनीति में विश्वास करते हैं। हमने अंतिम-मील डिलीवरी पर भी ध्यान केंद्रित किया है, हमने जो कहा वह किया है।" भाजपा अध्यक्ष ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चाहे वो मध्य प्रदेश का विकास हो या अन्य किसी प्रदेश के विकास की बात हो, उसके मुल में हमेशा गरीब कल्याण की बात होती है। गरीबों के सशक्तिकरण के लिए हमारा मंत्र है - रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म।" उन्होंने कहा, "2003 में मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास की दर 0.61% थी, जो आज भाजपा सरकार के 20 साल के कार्यकाल में बढ़कर 24% हो चुकी है। 2003 में यहां 4,231 हेक्टेयर जमीन की ही सिंचाई हो पाती थी, जो आज बढ़कर 16,284 हेक्टेयर हो चुकी है।" जेपी नड्डा ने कहा, "इस बार के संकल्प पत्र में 1 करोड़ 30 लाख बहनों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ हम घर की सुविधा भी देंगे। गांव की बहनों को लखपति बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं कौशल विकास का काम हम शुरू करेंगे। हर एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय बनाया जाएगा। हर एसटी ब्लॉक में मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय हमने किया है।" उन्होंने कहा, "गेहूं की खरीद हम 2,700 रुपये प्रति क्विंटल और धान की खरीद हम 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से करेंगे।

### शुभकामनाएं

समस्त सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभेच्छुओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

–संपादक

### छुट्टी की सूचना

दीपावली व गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर '**प्रखर पूर्वांचल**' कार्यालय में 12 व 13 नवम्बर 2023 को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 15 नवम्बर 2023 को प्रकाशित होगा।

–संपादक

## छठ पर घर जाने के लिए सूरत स्टेशन पर उमड़ा जनसैलाब, दम घुटने से एक की मौत, दो हुए बीमार

सूरत। त्योहार पर घर जाने के लिए इन दिनों ट्रेनों-बसों में भारी भीड़ है। ऐसे ही शनिवार को सूरत रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि स्टेशन पर दम घुटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। साथ ही दो अन्य लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। दरअसल शनिवार को बिहार जाने वाली विशेष ट्रेन ताप्ती गंगा एक्सप्रेस रेलवे स्टेशन पर लगी थी, जिसमें सवार होने के लिए भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और इसी में दम घुटने से व्यक्ति की मौत हो गई। पश्चिमी रेलवे पुलिस की एसपी सरजो कुमारी ने बताया सुबह के समय ताप्ती गंगा एक्सप्रेस में सवार होने के लिए बड़ी संख्या में यात्री सूरत रेलवे स्टेशन पहुंचे और इसी भारी भीड़ के चलते कई लोग दम घुटने से बेहोश हो गए। कुछ यात्रियों को भीड़ की वजह से पैनिक अटैक आए तो कुछ की तबीयत बिगड़ गई। एक यात्री को दिल संबंधी समस्या हुई और वह बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी ने उसे सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की। इसके बाद पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। मृतक की पहचान अंकित विरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। एसएमआईएमईआर के डॉक्टरों ने बताया कि मृतक की मौत का असल कारण अभी पता नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद ही इसका पता चल सकेगा। दो अन्य यात्रियों को भी सांस की समस्या हुई और उनका इलाज चल रहा है। बता दें कि सूरत की डायमंड इंडस्ट्री में बड़ी



संख्या में यूपी-बिहार के लोग काम करते हैं। अब दिवाली और छठ के अवसर पर काफी लोग अपने-अपने गृह राज्य जा रहे हैं, जिसकी वजह से स्टेशनों और बस अड्डों पर भारी भीड़ है। सरकार का कहना है कि त्योहार के मौके पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई इंतजाम किए गए हैं, इनमें विशेष ट्रेनें चलाने के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस और आरपीएफ के जवानों की तैनाती जैसे इंतजाम शामिल हैं।

## फ्रांस के राष्ट्रपति ने की युद्धविराम की अपील, इस्राइली पीएम बोले- हमास की आलोचना करिए, हमारी नहीं



तेल अवीव। गाजा पट्टी में इस्राइली हमले में अब तक 11 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और अब दुनियाभर से गाजा में युद्धविराम में मांग उठने लगी है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने भी गाजा में सीजफायर की अपील की है। हालांकि इस्राइल की सरकार रुकने के मूड में नहीं है। इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू साफ कर चुके हैं कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाएगा तब तक युद्धविराम नहीं होगा। अब फ्रांसीसी राष्ट्रपति के युद्धविराम की अपील पर नेतन्याहू ने कहा है कि 'वैश्विक नेताओं को हमास की आलोचना करनी चाहिए, इस्राइल की नहीं। हमास ने आज जो इस्राइल के साथ किया कल वो पेरिस, न्यूयॉर्क या दुनिया में कहीं भी हो सकता है।' बता दें कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने एक इंटरव्यू के दौरान गाजा पट्टी में युद्धविराम की अपील की। हालांकि उन्होंने इस्राइल के खुद की रक्षा करने के अधिकार का भी बचाव किया। वहीं गाजा में अल शिफा अस्पताल पर हुए हमले के बाद इस्राइली सेना ने साफ किया है कि यह हमला हमास की गलती से हुआ। इस्राइली सेना ने कहा कि इस्राइली सैनिकों को निशाना बनाते हुए हमास ने रॉकेट हमला किया लेकिन रॉकेट लॉन्च असफल रहा और रॉकेट अस्पताल पर गिर गया, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई। इस्राइली पीएम ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश गाजा के नागरिकों को बचाने के लिए सबकुछ कर रहा है लेकिन हमास लोगों को सुरक्षित जगह नहीं जाने दे रहा है। नेतन्याहू ने कहा कि हमास लोगों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिका ने भी गाजा में मारे जा रहे लोगों को लेकर दुख जाहिर किया लेकिन उसने इस्राइल को समर्थन जारी रखने की बात कही है। बता दें कि गाजा पट्टी में जमीनी लड़ाई चल रही है।


## अखिलेश यादव ने मनाया खजांची का जन्मदिन, बोले- कार्पोरेट फ्रॉड की भरपाई के लिए हुई थी नोटबंदी

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में सात वर्षीय खजांची का जन्मदिन मनाया और सभी के सामने केक काटा। उन्होंने कहा कि नोटबंदी से काला धन खत्म होने की बात कही गई थी। सात साल बाद हालात सभी के सामने हैं। उन्होंने कहा कि 15 लाख करोड़ रुपये का कार्पोरेट फ्रॉड हुआ था उसकी भरपाई के लिए नोटबंदी की गई थी। उन्होंने कहा कि इसके जरिए भाजपा ने गरीबों का पैसा अमीरों की तिजोरी में भर दिया। इस दौरान नोटबंदी की लाइन में पैदा हुए खजांची का जन्मदिन हम लोग मनाते हैं। आज खजांची बड़ा हो गया है और बोलने लगा है। उसके बुरे और परेशानी के दिनों में सपा ने उसका साथ दिया। 8 नवंबर 2016 को केंद्र की मोदी सरकार ने नोटबंदी का एलान किया था। घोषणा के बाद एक हजार और पांच सौ के नोट चलन से बाहर हो गए। दावा किया गया था कि इससे कालाधन समाप्त हो जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि कैश लेनदेन कम होने के बजाय 33 लाख करोड़ हो गया। जहां 18 फीसदी जीएसटी है, वहां कैश में लेनदेन ही हो रहा है। भाजपा के लोगों ने अयोध्या में जमीन खरीदने के लिए रजिस्ट्री करवाई वो भी कैश में ही है। नोटबंदी में जितना पैसा निकला उसे सपा का बताया गया। कानपुर इत्र कारोबारी के घर का पैसा सपा का बताया गया। आज हमें पैसे की सख्त जरूरत है, उसे वापस कर दो। अखिलेश यादव ने जन्मदिन पर खजांची को लड्डू खिलाया और एबीसीडी सुनाने को कहा। हालांकि, जब बच्चा डर गया तो अखिलेश ने कहा कि जब प्रधान बन जाएगा तो बोलेगा। जन्मदिन पर खजांची ने साइकिल मांगी और कहा कि साइकिल पर बैठकर एबीसीडी सुनाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार ने पहले दो हजार के नोट छापे और फिर बंद कर दिए। मैं शादी में ड्रोन उड़ते देखता हूं तो लगता है कि वो दो हजार के चिप वाले नोट देख रहा है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को बड़ी सफलता, 56.5 लाख के सोने के बिस्कुटों के साथ तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएएसएफ ने एक बड़ी तस्करी के प्रयास को नाकाम कर दिया। दक्षिण बंगाल सीमान्त के नदिया जिले के अंतर्गत 84वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल की सीमा चौकी बेतई में तैनात जवानों ने एक बड़ी तस्करी को नाकाम करते हुए आठ सोने के बिस्किटों के साथ एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर इन सोने के बिस्कुटों को बांग्लादेश से भारत में तस्करी करने के फिराक में था। जब्त सोने के बिस्किटों का वजन 933.54 ग्राम है तथा इसका भारतीय बाजार में अनुमानित कीमत 56,53,742 रुपए है। दक्षिण बंगाल सीमांत, बीएसएफ के प्रवक्ता डीआईजी एके आर्य ने बताया कि सीमा चौकी बेतई की ओपी नाके पर तैनात जवानों ने तस्करों को बांग्लादेश की तरफ से भारतीय सीमा की तरफ फेंसिंग के ऊपर से पोटली फेंकते हुए देखा।


## दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं






## संपादकीय

# दिल्ली की जहरीली हवा से सरकार व अदालतें चिंतित, पर समस्या जस का तस

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की हवा सांस लेने लायक भी नहीं रह गई है और इसे लेकर सरकार से लेकर अदालतें तक चिंतित दिख रही हैं, तो यह स्वाभाविक है। मगर हकीकत यह है कि ऐसी स्थिति कोई पहली बार या अचानक नहीं पैदा हुई है। हर वर्ष इस दौरान ठंड की शुरूआत के साथ ही हवा में जहर घुलना शुरू हो जाता है और तब तक इस मसले पर उदासीनता बरती जाती है, जब तक लोगों का दम न घुटने लगे। यों दिल्ली में प्रदूषण पूरे वर्ष किसी न किसी रूप में लगातार कायम रहता है और वह चिंता के स्तर से ऊपर ही होता है, मगर इस मौसम में जब यह एक संकट के रूप में तब्दील हो जाता है और सार्वजनिक चर्चा का मुद्दा बन जाता है, तब सरकार भी फिक्र जताने लगती है। इस वर्ष भी दिल्ली सरकार की ओर से प्रदूषण की समस्या पर काबू पाने के लिए धुआंरोधी टावर लगाने से लेकर सड़क पर वाहनों की संख्या को नियंत्रित करने जैसी कई घोषणाएं की गई, लेकिन जमीन पर उसकी हकीकत किसी से छिपी नहीं है। कई जगहों पर धुआंरोधी टावर बेकार पड़े हैं तो वाहनों की आवाजाही पर लगाम लगाने की योजना का भी कुछ ठोस हासिल सामने नहीं आया। इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक बार फिर सख्ती दिखाई और दिल्ली सहित पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। अदालत ने साफतौर पर कहा कि पराली जलाने पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए; हमारे दखल के बाद ही इस मसले पर काम होता है। यानी जो काम सरकारों के नियमित दायित्व में शामिल होना चाहिए, उसके लिए अदालतें उन्हें याद दिलाती हैं। जबकि दिल्ली में प्रदूषण अब हर वर्ष की एक नियमित मुश्किल बन चुकी है। विडंबना यह कि इस समस्या से राहत के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदम आमतौर पर दिखावे के साबित होते हैं और लोगों की मुश्किल में तभी कुछ कमी देखी जाती है, जब किसी वजह से बारिश हो जाए है या फिर हवा चलने लगे। प्रदूषण के गहराते संकट का सामना करने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की बात भी की जाती रही है, मगर सड़क पर वाहनों से पानी की बौछारों के जरिए धूल को काबू में करने की लगभग बेअसर कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं हो पाता। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को काबू में करने के लिए सड़कों पर वाहनों की संख्या नियंत्रित करने के मकसद से सम-विषम व्यवस्था लागू करने की भी घोषणा की थी। मगर सुप्रीम कोर्ट ने इसकी उपयोगिता पर सवाल उठाए हैं। फिलहाल दिल्ली सरकार ने सम-विषम पर अमल को टाल दिया है। हालांकि गुरुवार को बारिश और हवा की वजह से दिल्ली में प्रदूषण में कमी आई, लेकिन कहना मुश्किल है कि यह स्थिति कितने दिन कायम रहेगी। सवाल है कि संकट के बेकाबू हो जाने पर तात्कालिक उपायों के जरिए राहत पाने की कोशिशों से क्या हासिल होने वाला है। इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर ठोस पहल क्यों नहीं की जाती? सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर तीखे सवाल उठाए हैं। जिन इलाकों में पराली जलाने के ज्यादा मामले पाए जाते हैं, उनमें पराली प्रबंधन को लेकर कोई वैकल्पिक नीति क्यों नहीं बनाई जा सकती? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि दिल्ली का प्रदूषण अब ऐसी शक्ल लेने लगा है, जिसमें कभी भी आपात अवस्था जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। इसलिए समय रहते दिल्ली सहित आसपास के राज्यों की सरकारों को आपस में मिल कर इस समस्या के दीर्घकालिक हल की योजना पर काम करना होगा।

## दिन बचे कुछ शेष!



ना बख्शेंगे किसी को ।
बनी यदि सरकार ।।
दिन बचे कुछ शेष ।
है रहना तैयार ।।
कुछ दिन की मनमानी ।
चाहे जो कर डालो ।।
हमको ही है लौटना ।
खुद को अब संभालो ।।
सबका हमको ध्यान ।
भूल नहीं ये जाना ।।
करके रहेंगे पेश कुछ ।
अलग अब नजराना ।।
भले बचा ना पाए ।
अपनी हम सरकार ।।
लेकिन कूद लगाने को ।
हो रहे तैयार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# राजस्थान विधानसभा चुनावों में बागियों के भंवर में फंस गयी है भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के वोट डाले जाएंगे। प्रदेश में राज बदलने के प्रयास में लगी भाजपा में बड़ी संख्या में बागी प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के सामने संकट पैदा हो रहा है। राजस्थान में भाजपा ने इस बार बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों, पूर्व विधायकों व पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुके लोगों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मैदान में उतारा है। भाजपा ने दूसरे दलों से आये दलबदलुओं को भी बड़ी संख्या में टिकट देकर उपकृत किया है, जिससे पार्टी में बगावत तेज हो गई है।

अपने टिकट कटने से नाराज भाजपा सरकार में मंत्री रहे तीन बड़े नेताओं ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। इससे भाजपा प्रत्याशियों के समक्ष संकट व्याप्त हो गया है। वसुंधरा राजे के खासमखास रहे पूर्व मंत्री यूनुस खान ने डीडवाना, बंशीधर बाजिया ने खंडेला व कैलाश मेघवाल ने शाहपुरा से निर्दलीय ताल ठोक दी है। हालांकि कैलाश मेघवाल को कुछ दिनों पूर्व ही पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। इसके अलावा भाजपा में डग विधानसभा से पूर्व विधायक रामचंद्र सुनारीवाल, सांचौर सीट पर जालौर के सांसद देवजी पटेल के सामने पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, चित्तौड़गढ़ सीट पर विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी के सामने चित्तौड़गढ़ के मौजूदा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने नामांकन दाखिल कर दिया है।

बाड़मेर से पूर्व मंत्री गंगाराम चौधरी की पोती प्रियंका चौधरी ने बगावत कर दी है। प्रियंका चौधरी पिछली बार पार्टी की प्रत्याशी रही थीं। मगर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के नजदीकी होने के चलते उनकी टिकट काट दी गई है। सूरतगढ़ सीट से पूर्व विधायक राजेंद्र भादू और बयाना से पूर्व प्रत्याशी रितु बनावत ने ताल ठोक दी है। रितु बनावत के पति ऋषि बंसल को भरतपुर के जिला अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। बंसल पूर्व में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

कोटा जिले की लाडपुरा सीट पर तीन बार विधायक रह चुके भवानी सिंह राजावत ने दूसरी बार टिकट नहीं मिलने पर मैदान में ताल ठोक दी हैं। 2018 में भवानी सिंह राजावत का टिकट काटकर कोटा राजघराने की कल्पना देवी को भाजपा प्रत्याशी बनाया था। इस बार फिर लाडपुरा विधायक कल्पना देवी को ही प्रत्याशी बनाया गया है। इससे नाराज होकर भवानी सिंह राजावत ने निर्दलिय फॉर्म भर दिया है। झुंझुनूं विधानसभा सीट पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर 2018 के चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़े निषित कुमार को टिकट देने से नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।




पिलानी विधानसभा सीट पर सात बार विधायक व मंत्री रहे सुंदरलाल के पुत्र कैलाश मेघवाल का टिकट काट देने से उन्होंने भी पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फॉर्म भर दिया है। कैलाश मेघवाल पिछले विधानसभा चुनाव में पिलानी से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव हार गए थे। सीकर सीट पर भाजपा के मौजूदा उप जिला प्रमुख ताराचंद घायल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फॉर्म भर दिया है। फतेहपुर सीट पर नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके मधुसूदन भिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन फॉर्म भरा है। कोटपूतली सीट पर पिछली बार के प्रत्याशी मुकेश गोयल, लूणकरणसर से प्रभूदयाल सारस्वत, सुजानगढ़ से राजेंदर नायक, मकराना से हिम्मत सिंह राजपुरोहित, सवाई माधोपुर से आशा मीणा, संगरिया से गुलाब सींवर, मसूदा से जसवीर सिंह खरवा, बस्सी सीट पर भाजपा सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त जितेंद्र मीणा ने निर्दलिय फॉर्म भरा है। वहीं कपासन सीट पर राशमी पंचायत समिति प्रधान दिनेश बुनकर, गढ़ी सीट पर पूर्व प्रधान लक्ष्मण डिंडोर ने नामांकन फॉर्म भरकर भाजपा की धड़कनें बढ़ा दी हैं। मावली सीट पर भाजपा के कुलदीप सिंह चुंडावत ने पार्टी से बगावत कर आरएलपी से नामांकन भर दिया है। कुंभलगढ़ सीट पर भाजपा के नीरज सिंह राणावत, अनोप सिंह ने भी निर्दलीय नामांकन भरा है।

भाजपा ने चुनाव से पहले दूसरे दलों से दल-बदल कर आए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ से प्रत्याशी बनाया है जहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से होगा। कांग्रेस से सांसद रही ज्योति मिर्धा को भाजपा ने नागौर सीट पर मौजूदा विधायक सोहनलाल चौधरी का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाया है। जहां उनका मुकाबला अपने ही चाचा व कांग्रेस प्रत्याशी हरेंद्र मिर्धा से होगा। ज्योति मिर्धा मारवाड़ के दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। कोटपूतली से हंसराज पटेल, धौलपुर से डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा, खंडेला से सुभाष मील, वल्लभनगर से उदयलाल डांगी, करौली से दर्शन सिंह गुर्जर बाड़ी से गिरिराज सिंह मलिंगा, सादुलपुर से सुमित्रा पूनिया को टिकट दिया गया है। सुमित्रा पूनिया कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया के पुत्रवधू हैं।

टोडाभीम सीट से रामनिवास मीणा को टिकट दिया गया है। पूर्वी नहर परियोजना को लेकर रामनिवास मीणा लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं और क्षेत्र में पानी वाले बाबा के नाम से जाने जाते हैं। शाहपुरा से उपेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। उपेन यादव राजस्थान बेरोजगार महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष है व पिछले लंबे समय से युवा बेरोजगारों की राजनीति कर रहे हैं। भाजपा ने इस बार आदर्श नगर से अशोक परनामी और सिविल लाइन से अरुण चतुर्वेदी का भी टिकट काट दिया है। यह दोनों ही नेता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। कहने को तो भाजपा में कई वसुंधरा समर्थकों को टिकट मिलने की बात की जा रही है। मगर जिस तरह से प्रह्लाद गुंजल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष घुटने टेक कर टिकट प्राप्त किया है उससे तो यही लगता है कि अब नाम को ही वसुंधरा समर्थक रह गए हैं। बाकी जिनको भी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है उन सबसे पार्टी के नाम पर वादे करवाए गए हैं। हालांकि वसुंधरा राजे स्वयं झालरापाटन से चुनाव लड़ रही हैं। मगर उनके बहुत से कट्टर समर्थकों को चुनावी मैदान से दूर कर भाजपा ने उन को उनकी औकात दिखा दी है। अनुशासन के लिए विख्यात भाजपा में इस बार जिस तरह से टिकटों की बंदरबांट हुई है तथा दलबदलुओं को हाथों हाथ टिकट दी गई है। उससे पार्टी का चाल, चरित्र व चेहरा बेनकाब हो गया है।

# मुद्दा विहीन नजर आ रहे हैं इस बार के विधानसभा चुनाव

**ललित गर्ग**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, चुनावी सरगर्मियां एवं आक्रामकता बढ़ती जा रही है। उम्मीदवारों के चयन, चुनाव जीतने एवं सरकार बनाने को लेकर पूरी आक्रामकता है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर गहरा सन्नाटा पसरा है। इन चुनावों में सबसे बड़ी विडम्बना जो हर बार की तरह इस बार भी देखने को मिल रही है, वह है इन चुनावों का मुद्दाविहीन होना और दलबदल की स्थितियों का बढ़चढ़ कर सामने आना। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम एवं तेलेगाना में अब मतदाताओं के हाथ में राजनीतिक दलों और नेताओं के भाग्य की कुंजी आ गई है। इन चुनावों में भी हर बार की तरह इस बार भी जातिवादी जुनून, सांप्रदायिक कट्टरता और मतदाता को लुभाने-भरमाने की कोशिशें लोकतन्त्र की जड़ों को कमजोर कर रही है। चुनाव का समय सिटीजन ग्रुप्स से मिलकर, उनकी समस्याओं को सुनकर, उनके समाधान के लिये तत्पर होने का है, राजनीतिक दल अपनी जनता की मूलभूत समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी लें फिर उन समस्याओं के समाधान का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए जनता से वोट मांगें। देखा जाए तो लोकतंत्र की असली अवधारणा भी यही है। लेकिन मौजूदा समय में धनबल और बाहुबल चुनावों में हावी होता जा रहा है, राजनीति कभी सेवा का जरिया हुआ करती थी किन्तु आज व्यवसाय बनती जा रही है, यह चिंता का विषय है और इससे लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो रही हैं।

आजादी के अमृतकाल का यह पहला चुनाव है, चुनाव लोकतान्त्रिक प्रणाली के आधार होते हैं। इसी लोकतंत्र के महाकुंभ में लोककल्याण की योजनाओं की चर्चा होती है। राजनैतिक दलों ने चुनावों के अवसर पर लोक कल्याणकारी नीतियां जनता के सामने रखने का प्रचलन शुरू किया जिसे घोषणापत्र कहा गया। हर चुनाव की अलग परिस्थितियां होती हैं अतः घोषणापत्र भी हर बार नये प्रस्तुत किये जाते हैं। लेकिन विडम्बना यह है कि इन घोषणा-पत्रों एवं विजीत दल की सरकार बन जाने के बाद उसकी नीतियों एवं योजनाओं में काफी अन्तर आ जाता है। अतः मतदाता चुनाव के समय जागरूक होकर मतदान करे ताकि उनके साथ किये जाने वाले वायदे यथासंभव पूरे हों। इन पांच राज्यों के चुनावों में मतदाता को दोहरी भूमिका निभानी होगी- घर के मालिक की भी और घर के पहरेदार की भी। मालिक के नाते उसका कर्तव्य होगा कि वह जनता के हितों के ठेकेदार कहलाने वालों को ठोक बजाकर देखे-परखे। और घर के पहरेदार के नाते उसका कर्तव्य बनता है कि वह सिर्फ जागे ही नहीं बल्कि सतत सावधान भी रहे। इसी जागरूकता और सावधानी का तकाजा है कि वह सत्ता में बैठने के इच्छुक लोगों की कथनी-करनी को विवेक के तराजू पर तोले। चूंकि उसे ही सबसे अधिक खोना और सबसे अधिक पाना है, इसलिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी उसी की है। इस जिम्मेदारी को मतदाता वैयक्तिक स्तर पर भी निभाएं- अपने आप से यह पूछकर कि उसके वोट देने का आधार क्या होगा। पहला निर्णय तो मतदाता को यह करना होगा कि उसे वोट देना ही है। फिर यह तय करना होगा कि वह ह्यगलतह्न के पक्ष में वोट नहीं देगा। जब प्रत्येक मतदाता अपने वोट का प्रयोग बहुत सोच-समझकर करेगा तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और तभी सशक्त भारत का निर्माण हो सकेगा। राष्ट्र को समग्र दृष्टि से सशक्त एवं विकसित करना, बढ़ती आबादी की बढ़ती मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति करना किसी भी लोकतन्त्र में चुनी गई सरकारों का मूल दायित्व होता है। ये चुनी हुई सरकारें जनता की मालिक नहीं होतीं बल्कि उसकी नौकर होती हैं क्योंकि जनता इन्हें केवल पांच साल के लिए ही देश की व्यवस्था चलाने एवं देश की विकास योजनाओं को आकार देने की जिम्मेदारी सौंपती है। इस दौरान चुनी हुई सरकारें अपनी लोक कल्याणकारी नीतियों को चला कर जनता के प्रति मिले दायित्व को पूरा करने का प्रयास करती है। लोकतन्त्र की बहुराजनैतिक प्रणाली में कभी भी विकल्पों की कमी नहीं रहती है, यह भी इस व्यवस्था की खूबसूरती एवं मौलिकता होती है। इसके चलते ही हमने केन्द्र से लेकर विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनैतिक दलों की सरकारें देखी हैं। प्रत्येक राजनैतिक दल के अपने कुछ मूलभूत सिद्धान्त होते हैं जिनके तहत वे सत्ता में आने पर लोक कल्याणकारी कदम उठाने का दावा करते हैं। ऐसा ही एक लोककल्याणकारी कदम था भारत में प्रत्येक व्यक्ति को दोनों वक्त भोजन करने का अधिकार देना। भले ही यह कदम डॉ. मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने उठाया, लेकिन इसकी प्रभावी क्रियान्विति 2020 में देश में कोरोना संक्रमण काल के समय मोदी सरकार ने की। तब लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह पांच किलो मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की गई। अब इस योजना को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने पांच साल और आगे जारी रखने का फैसला किया है। इसका मतलब यह हुआ कि लोक कल्याणकारी नीतियां बनाना हर सरकार का प्राथमिक दायित्व होता है। मोदी सरकार ने ऐसी अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। प्रांतों में राजस्थान में अशोक गहलोत ने तो मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह सरकार ने भी ऐसी अनेक लोककल्याणकारी योजनाएं चुनाव सन्निकट आते देखकर शुरू की है, जिन्हें हम लोककल्याण से अधिक मुफ्त की रेवड़ियां कह सकते हैं।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अणुव्रत विश्व भारती एवं भारतीय मतदाता संगठन ने मतदाता जागरूकता अभियान चला रखा है। जिसका उद्देश्य है कि मतदाता को सोचने को विवश करना कि अपराधी हमारा वोट कैसे पा लेते हैं? राष्ट्र की धन-सम्पदा से खिलवाड़ करने वाले भ्रष्टाचारी हमारे आदर्श कैसे बन जाते है? क्यों हम भ्रष्टाचारियों, अवसरवादियों और अपराधियों को वोट देते हैं और फिर वे हम पर राज करते हैं? हम इन स्थितियों को चुपचाप स्वीकार किए रहते हैं। लेकिन आखिर कब तक? कब तक हम ठगे जाते रहेंगे? कब तक मूक दर्शक बनकर राष्ट्र को लूटता हुआ देखते रहेंगे? व्यक्ति और व्यवस्था के समवेत सुधार से ही समाज में बदलाव आ सकता है। व्यवस्था को संचालित करने वाले हाथ जब तक पवित्र नहीं होंगे, तब तक व्यवस्था को बदलना भी अपर्याप्त होगा। लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए योग्य प्रत्याशी का चयन जरूरी है। जिस तरह विभिन्न परीक्षाओं में मापदंड जरूरी होता है, उसी तरह राजनीति में भी योग्यता का मापदंड निश्चित होना चाहिए। वोट उसी को दें, जो ईमानदार हो, नाशमुक्त हो, जातिवादी जुनून और सांप्रदायिक कट्टरता से दूर हो तथा राष्ट्रीय एकता, मानवीय मूल्यों और सामाजिक सौहार्द में जिसका विश्वास हो। व्यक्ति जिस तरह अपनी बेटी का हाथ थमाते समय विचार करता है उसी प्रकार वोट देते समय भी विचार कर ही अपना वोट देना चाहिए। राजनीतिक दल अपने-अपने ढंग से चुनावों की तैयारियों में जुटे हैं। गठबंधनों की बातें ही नहीं हो रहीं, गठबंधनों की रणनीतियां तैयार होने लगी हैं। दलबदल हो रहा है।

# भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के संकल्प को सिद्ध करने के पथ पर तेजी से प्रयासरत है आरएसएस

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के बीच चल रही रस्साकशी, रूस-यूक्रेन के बीच पिछले लम्बे समय से लगातार चल रहे युद्ध एवं पिछले एक माह से भी अधिक समय से पूर्व प्रारम्भ हुए हमास इजराइल युद्ध के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक दिनांक 5 नवम्बर 2023, रविवार, को प्रातः 9 बजे भुज, गुजरात में प्रारम्भ हुई। बैठक का शुभारम्भ परम पूज्य सर संघचालक डॉक्टर मोहन जी भागवत और सर कार्यवाह श्री दत्तात्रेय जी होसबाले ने भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करके किया। बैठक में देश भर से संघ की दृष्टि से 45 प्रांतों एवं 11 क्षेत्रों के माननीय संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य तथा कुछ विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्रियों सहित लगभग 382 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उक्त बैठक में संघ शताब्दी की दृष्टि से कार्य विस्तार के लिए बनी योजना की समीक्षा एवं संघ प्रशिक्षण अभ्यास क्रम विषयों पर विस्तार से चर्चा सम्पन्न हुई। साथ ही, परम पूज्य सर संघचालक डॉक्टर मोहन जी भागवत के विजया दशमी उदबोधन में चर्चा में आए कुछ मुख्य विषयों जैसे प्रकृति विरुद्ध जीवन शैली, जलवायु परिवर्तन का विश्व पर प्रभाव, सुरक्षा, स्व आधारित युगानुकुल नीति आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, गौ सेवा, ग्राम विकास व अन्य गतिविधियों में चल रहे प्रयासों के बारे में भी प्रतिनिधियों से जानकारी ली गई। यह बैठक 7 नवम्बर 2023 को सायंकाल 6 बजे सम्पन्न हुई। विश्व के कई देशों, विकसित देशों सहित, में सामाजिक तानाबाना ध्वस्त हो चुका है। अमेरिका सहित विश्व के कई देशों में आज ह्लसिंगल पेरेंटह्व की अवधारणा जोर पकड़ती जा रही है। लगभग 50 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं हैं। कुटुंब अथवा परिवार में रहकर माता एवं पिता द्वारा मिलकर ही बच्चे का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास सही तरीके से किया जा सकता है। इन देशों में केवल माता अथवा पिता द्वारा बच्चे का लालन पालन करने से बच्चे का मानसिक एवं बौद्धिक विकास सही तरीके से नहीं हो पा रहा है एवं यह बच्चे उच्च स्तर की पढ़ाई के मामले में पिछड़ रहे हैं। आज अमेरिका में बहुत कम बच्चे विज्ञान एवं गणित की उच्च स्तर पर पढ़ाई कर पा रहे हैं, जिसके चलते यह बच्चे सेवा क्षेत्र में कुछ छोटे मोटे काम करते नजर आते हैं। दूसरे, भारत सहित कई देशों में विभिन्न जातियों, मत एवं पंथ के आधार पर नागरिकों को आपस में लड़ाया जा रहा है एवं समाज में आज नागरिकों के बीच आपसी भाईचारा एवं विश्वास का नितांत अभाव दिखाई दे रहा है, जिससे आज सामाजिक समरसता का अभाव स्पष्टतः दिखाई देने लगा है। साथ ही, लगभग पूरे विश्व में ही पर्यावरण को लेकर भी गम्भीर स्थिति बन गई है। विशेष रूप से विकसित देशों में नागरिकों की जीवन शैली ही इस प्रकार की बन गई है कि प्रकृति का दोहन करने के स्थान पर प्रकृति का शोषण किया जा रहा है। जंगल खत्म हो रहे हैं, प्रकृतिक संसाधनों का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जिसके कारण पर्यावरण पर दबाव बन रहा है। कुछ स्थानों पर तो एक ही दिन में पूरे वर्ष भर की बारिश हो रही है तो कहीं कहीं बारिश ही नहीं हो रही है। इस प्रकार का असंतुलन वैश्विक स्तर नागरिकों के लिए गम्भीर समस्याएं उत्पन्न कर रहा है। जहां तक भारत का सम्बंध है, भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सांस्कृतिक संगठन उक्त विषयों पर गम्भीरता से विचार विमर्श करते हुए इन समस्याओं के हल हेतु प्रयास भी करते दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष 2025 में मनाने की तैयरियों में जुटा है। अपने शताब्दी वर्ष के निमित्त संघ ने समाज के लिए आज की परिस्थितियों के संदर्भ में अति महत्वपूर्ण पांच आयामों को आग्रह पूर्वक समाज के सामने रखा है। इन आयामों को संघ के स्वयंसेवक अपने स्तर एवं शाखा के स्तर पर क्रियान्वित करेंगे, इसके बाद समाज से भी अपेक्षा की गई है कि इन आयामों को अपने स्तर पर क्रियान्वित करने में सहयोग करें। प्रथम आयाम है, समाज में सामाजिक समरसता स्थापित करना। समाज में छूआछूत, जातिभेद बिलकुल नहीं होना चाहिए। भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक एक भारतीय है, फिर विभिन्न जातियों में बंटवारा क्यों? अंग्रेजों ने भारत पर अपना शासन स्थापित करने के लिए भारतीय नागरिकों को विभिन्न जातियों में बांटों और राज करने की नीति अपनाई थी। आज के परिप्रेक्ष्य में जब भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, तब समस्त भारतीय नागरिक आपस में विश्वास बनाए रखते हुए देश की प्रगति में अपने योगदान को बढ़ाएं ऐसी अपेक्षा भारत के प्रत्येक नागरिक से हैं। अतः जन्म आधारित किसी भी प्रकार के भेदभाव को हम समस्त भारतीयों को नहीं मानना चाहिए। इस दृष्टि से सामाजिक समरसता का आज बहुत महत्व है एवं अपने जीवन में इसे व्यवहार में लाने का गम्भीर प्रयास हमें करना चाहिए।

द्वितीय आयाम है, परिवार प्रबोधन। भारत के प्रत्येक कुटुंब में भारतीय जीवन मूल्यों एवं सांस्कृतिक मूल्यों को हमें अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को सौंपने का गम्भीर प्रयास करना चाहिए। प्रत्येक भारतीय परिवार को अपने जीवन में दो कार्य आवश्यक रूप से करने चाहिए। एक तो समाज के प्रति हम कुछ सेवा के कार्य निरंतर करते रहें, और दूसरे सनातन संस्कृति और अपने धर्म की रक्षा के लिए भी हम जागरूक रहें। विशेष रूप से सौराष्ट्र और गुजरात में यह कार्य व्यापक रूप से नागरिकों द्वारा किए जा रहे हैं। परंतु, इन्हें पूरे देश में फैलाया जाना चाहिए। साथ ही यह कार्य सभी वर्गों में समस्त स्तरों पर होना चाहिए। तीसरा आयाम है, पर्यावरण की रक्षा करना। आज की विपरीत परिस्थितियों के बीच समाज के नागरिकों को बड़ी संख्या में पेड़ लगाने का कार्य हाथ में लेने की जरूरत है। साथ ही, पोलिथिन के उपयोग को बंद करने एवं पानी बचाने के लिए भी गम्भीर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। यह कार्य समाज ही कर सकता है। हाल ही में राजस्थान के जोधपुर प्रांत में (भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान का लगभग एक तिहाई भाग) संघ के कार्यकताओं ने 45 दिन पर्यावरण के प्रति समर्पित यात्रा सम्पन्न की है। इस यात्रा के दौरान 15 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। यह यात्रा 14000 किलोमीटर की रही है। इसी प्रकार, कर्नाटक में भी एक करोड़ पेड़ लगाने की योजना बनाई गई है। इसी प्रकार के कार्य समाज में नागरिकों को साथ लेकर पर्यावरण की रक्षा के लिए स्वयंसेवकों द्वारा अन्य स्थानों पर भी किए जाने चाहिए। चौथा आयाम है, स्वदेशी जीवन शैली। भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए नागरिकों द्वारा स्व-आधारित जीवन शैली अपनाया जाना अब आवश्यक हो गया है।

# मिट्टी के ही दिए प्रदूषण नही फैलाते ये भारतीय के खुशबू से भरपूर है : प्रमोद वर्मा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में दीपावली पर मिट्टी के दिये जलाने के प्रति लोगो से अपील किया गया और वोकल फॉर लोकल के प्रति जागरूक किया गया। उक्त अवसर पर प्रमोद वर्मा ने कहा दिवाली में प्रत्येक घर में मिट्टी के दीयें जलाने की परंपरा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के पश्चात जब वापस अयोध्या लौटे थे तो अयोध्यावासियों ने उनका स्वागत लाखों दीप जलाकर किया था। यह परंपरा आज भी कायम है। आजकल सेंसर लाइटों का जमाना है, इसके बावजूद मिट्टी के दीयों की चमक कम नहीं है। यह भारतीय परंपरा के अनुरूप है। मिट्टी के दीयें सबसे शुद्ध होते है। इनसे किसी तरह का प्रदूषण भी नहीं फैलाता। सबसे बड़ी बात यह है कि ये भारतीयता की खुशबू से भरपूर हैं। यदि आप भी अपने घर को रोशन करना चाहते



हैं, तो मिट्टी के दीयों से बढ़कर कोई चीज नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल की पहल से दीयों का कारोबार करने वाले हुनरमंद लोगों में इस बार उम्मीद की नई किरण जगी है। मिट्टी के दीयों का आज भी कोई जवाब नहीं हैं। वैसे भी मिट्टी के दीयों को सबसे शुद्ध माना जाता है। और त्योहार की परंपरा के अनुरूप मिट्टी के दीये ही सर्वमान्य हैं। मिट्टी के दिये जलाने से परम्परा भी कायम रहती हैं और परम्परागत व्यापार करने वालो लोगो की रोजी रोटी भी चलती रहती है। वर्मा ने ऐसे लोगो को पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़ने की अपील भी किया जिससे वो नई तकनीक सिख सके और और अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकें, सरकार बहुत ही कम दर पर बिना गारन्टी 3लाख तक कि सहायता राशि भी प्रदान कर रही है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, महामंत्री धर्मवीर भारद्वाज, अशोक गुप्ता, अभय सिंह, विक्की शर्मा, संजीव त्रिपाठी, प्रशांत सिंह, अजय विक्रम सिंह, अरविंद प्रजापति, अजय प्रधान, दिनेश यादव, शिवशंकर चौहान सहित प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने चंद्रदेखर सेवा बस्ती के बच्चों संग मनाई दिवाली, बांटे मिठाई और पटाखे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही सामाजिक और राष्टीय महत्व के विषयो में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करती आ रही है। उसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजीपुर नगर के कार्यकताओं द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में स्थित चंद्रशेखर सेवा बस्ती के बच्चो के मध्य सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए मिष्ठान और फुलझड़ी वितरित कर दिवाली मनाई । इस अवसर पर जिला संयोजक शिवांशु ने बताया की भगवान श्री राम ने 14 वर्षो के वनवास के दौरान रावण समेत सभी आसुरी शक्ति का समूल नाश कर वसुधा को भार और पाप मुक्त कर धर्म को पुनः प्रतिष्ठित कर अयोध्या वापस आने के उपरांत प्रथम बार इस समष्टि में दीपावली मनाई गई और तब से अब तक लगातार लोग मयार्दा पुरुषोत्तम के आगमन की खुशी दीपो से अपने घरों और प्रतिष्ठानों को सजा कर मनाते हैं।



नगर सह मंत्री ईशान ने बताया की भगवान राम का पूरा जीवन सामाजिक समरसता और शोषित तथा वंचितों के उद्धार को समर्पित था इसलिए हम उनके अनुगामी होने के नाते सेवा बस्तियों में ही त्योहार मनाकर उसकी सार्थकता मानते है। इस अवसर पर आकांक्षा , आशुतोष , ईशान , अमन , कृष , आदर्श , ऋतिक , सौरभ और सनी समेत कई कार्यकर्ता और बस्ती के निवासी उपस्थित रहे । मिठाई और फुलझड़ी पाकर बच्चो के चेहरे खिल गए ।

## फूलपुर पुलिस ने मुसहर बस्ती में बांटी मिठाई



प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने शासन के निर्देश पर शनिवार को छोटी दीपावली पर गरीब व असहाय बच्चों के साथ दीपावली मनाई। फूलपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत शनिवार को सायंकाल में मानी व खालिसपुर स्थित मुसहर बस्ती पहुँचे जहाँ दर्जनो परिवार के गरीब व असहाय बच्चों को मिठाई और कैंडल दिया और उनके साथ खुशियों को सांझा किया। इस दौरान एसआई रवि प्रकाश सिंह, संग्राम सिंह, विवेकानंद द्विवेदी समेत दर्जनों पुलिस कर्मी रहे।

# मिशन पायरिया मुक्त अभियान के तहत निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर आयोजित

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। ठंड में दाँतो का ख्याल रखे ज्यादा- उक्त बाते डाक्टर आशीष प्रताप मल्ल( लेक्चरर पूर्वांचल इंस्टीटयूट आफ डेंटल साइंस गोरखपुर व सीईओ मिशन पायरिया मुक्त अभियान) ने 11 नवम्बर दिन शनिवार को पाली ब्लॉग अन्तर्गत ग्राम सभा ओडवलिया में महाशिविर के दौरान बताया व खासकर बुजुर्गो के दाँतो के बचाव व उपचार के बारे मे बताया साथ ही इन लोगों को हरी सब्जियां व दूध के सेवन की सलाह दी। इसके साथ ही लोगों को,तंबाकू,पानमसाल सिगरेट बीड़ी गुलमंजन शराब गुटका के सेवन ना करने को कहा व दो बार टूथब्रश कराने की सलाह दिये । साथ ही मौखिक स्वच्छता क्यो जरूरी है इस पर भी लोगों को जागरूक किया। ग्राम प्रधान श्री आत्माराम यादव जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया व मिशन पायरिया मुक्त अभियान के तहत निःशुल्क दन्त व चिकित्सा महाशिविर के लिए डा. आशीष मल्ल की टीम को धन्यवाद दिया। शिविर मे ईट्ठ लैलेश सिंह, सदानंद यादव ,प्रोफेसर डा बृजेन्द्र प्रताप सिंह ,अजय सिंह (काका





समाजसेवी), ईट्ठ राघवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार, संदीप कुमार फार्मासिस्ट सिटी डेंटल हॉस्पिटल एण्ड इम्प्लांट सेन्टर सहजनवॉ, नितिन कुमार समेत आदि उपस्थित रहे । शिविर में लगभग 167 लोगों का निःशुल्क मुख परीक्षण किया गया व टूथपेस्ट, दवा वितिरण किया गया।

# घर-घर जलेंगे खुशियों के दीपक, सामानों की हुई खरीदारी में लगा रहा जाम का झाम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दीपोत्सव का त्योहार दीपावली रविवार को घर-घर में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर बाजार के साथ भवनों पर आकर्षक बिजली की झालर जगमगा रही हैं। लोगों ने त्योहार पर वैभव और संपन्नता की प्रतीक मां लक्ष्मी और सुख व सौभाग्य के देवता श्रीगणेश की मूर्तियों सहित पूजन सामग्री की खरीदारी की। त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह छाया हुआ है। बाजार की रौनक देखते ही बन रही है। शुक्रवार को बाजार खरीदारों से गुलजार रहा। रविवार को घर-घर मां लक्ष्मी पधारेंगी। इसे लेकर हर ओर उत्साह है। विद्युत झालरों से घर-प्रतिष्ठान सजाए गए हैं। बाजारों में खास रौनक है। खरीदारी के लिए ग्राहकों की जमकर भीड़ उमड़ रही है। विशेष तौर पर लोगों ने दीपक, मोमबत्ती समेत सजावट के सामान की खरीदारी की। आभूषण, कपड़े, बर्तन आदि की खरीदारी धनतेरस पर की जा चुकी है। दिवाली की अंतिम





तैयारियों में जरूरी दीपक, मोमबत्ती सहित घरों व मंदिरों की सजावट के सामान की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ रही। सबसे अधिक भीड़भाड़ का नजारा मिश्र बाजार, महुआबाग, स्टेशन रोड़ बाजार में रहा। यहां से दीपक, बाती, मोमबत्ती, डिजायनर कैंडल, विद्युत झालरें रंगीन लाइटें, इलेक्ट्रोनिक दीपक आदि जमकर खरीदे गए। रात तक लोगों की भीड़ पहुंचती रही और त्योहार की रौनक से बाजार गुलजार रहे।

## विश्वास शिवस्वरूप है जिसका आधार पवित्र चरित्र

जौनपुर। बिना विश्वास के सफलता नहीं मिलती है इसलिए विश्वासघात नहीं करना चाहिए। विश्वास का आधार पवित्र चरित्र होता है। पवित्र चरित्र से प्रेम और प्रेम से सेवा भाव उत्पन्न होता है और ऐसा सेवा भाव स्वयं शिव स्वरूप हो जाता है। वैदिक प्रावधानों के तहत आताताइयों दमन भूत और वर्तमान में सर्वथा उचित रहा है। आतंकियों का दमन व्यस्था बनाय रखने के लिए जरूरी है।इनका दमन हिंसा नहीं मानी जाती है। माता, पिता, गुरु और इष्ट का अपमान करने वालों को इनका महत्व समझाना चाहिए।इंसान कभी भी खराब नहीं होता उसका समय खराब होता है इसलिए समय को समझें और ऐसे समय को निकलने दें। यह एक समय चक्र होता है, जो हर इंसान की जिंदगी में आता है इसलिए ऐसे प्रतिकूल समय में विवेक से कार्य करें। शंकराचार्य जी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ पर विश्वास करना चाहिए और उनकी प्रतिदिन आराधना करनी चाहिए। आराधना दुखों बचे रहने का आधार है।भैरव करते हैं शिव भक्त के दुखों का भक्षणिक भगवान शिव व उनके अंश रूप हनुमान जी, भैरव व सहित सभी उनके अंश अवतारों की तीन परिक्रमा की जाती है।

## पीड़िता ममता मिश्रा ने मीडिया के सामने सुनाई अपनी आपबीती लगाई न्याय की गुहार

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। परेड कोठी स्थित होटल प्रताप पैलेस में 11 नवम्बर शनिवार कों पत्रकार वार्ता के मीडिया से बताया की नम्रता मिश्रा हम सब परिवार एक साथ रहते थे तथा हम ममता मिश्रा, भाई पं० राम कुमार मिश्र सभी लोग एक राय होकर किसी मुद्दे पर विचार विमर्श करते रहते थे लेकिन नम्रता की मंशा दूषित होने के कारण कुछ चीजें जैसे पिताजी का संचित कोष, माताजी का गहना हड़पने के नियत तथा मकान फर्जी (महमूरगंज) तरीके से कुटरचित दस्तावेज जिसमें मेरा व भईया पं० राम कुमार मिश्र का फर्जी का दस्तखत करके नगर निगम से अपना नाम चढ़वा लिया है जो कि सरासर गलत है जब मैंने अपने अधिवक्ता द्वारा मुआयना कराया तब इस धोखाधड़ी का पता चला इन्हीं सब बातों को लेकर पिताजी के द्वारा मीडिया में झूठ कहलवाकर अपने प्रभाव में लकर मनगढ़ंत बेबुनियाद विधिविरुद्ध तरीके से समाज और रिश्तेदारों में मेरी छवि खराब करने का प्रयास किया` सत्यता यह है कि मेरी शादी के बाद से ही नम्रता की नीयत सही नहीं थी हम दोनों पति-पत्नी को पिताजी से ना तो मिलने देती ना ही बात करने देती है। नम्बर ब्लाक कर रखा है हमारा अप्रैल 99 (2023) को होटल Castile में मीटिंग के समय गुस्से में नम्रता ने मेरी बांये हाथ की छोटी अंगुली मरोड़ कर तोड़ दी` मुझे अब यह डर है कि जो मेरी अंगुली तोड़ सकती है वह कुछ भी कह सकती है क्योंकि वह भी वसीयत कराने की बात को लेकर मुझे और मेरे पति को झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दिया करती थी मुझे डर है कि वह मुझे किसी भी तरह का नुकसान पहुँचा सकती है ` पिछ्ली पत्रकार वार्ता में नम्रता ने पिताजी से जो बुलवाया वह गलत था जिसमें पिताजी का कोई हाथ नहीं है ना उनकी कोई मंशा थी मुझे अपने पिताजी से कोई भी शिकायत नहीं है वो वास्तविकता से अनभिज्ञ है।

# मनरेगा मजदूर संघ अपनी मांगों को लेकर डाक द्वारा मुख्यमंत्री को भेजा पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मनरेगा मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरेंद्र यदुवंशी एवं जिला महासचिव प्रमोद सिंह यादव ने अपने संघ के पदाधिकारियों के साथ सभी विकास खंड मैं समस्त पदाधिकारी के द्वारा मनरेगा मजदूर संघ के 14 सूत्रीय मांगे जो की पहले ही 1 सितंबर को सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से जिलाधिकारी को दिया गया है जो पूरा ना होने के कारण। विकास खंड के पास पोस्ट ऑफिस पर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष के अगुवाई में समस्त ग्राम सभा पदाधिकारी के साथ पत्र आंदोलन किया गया और साधारण डाक के द्वारा सूबे के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र भेजा गया । 14 सूत्रीय मांगो के अनुसार उन मनरेगा श्रमिकों अथवा ग्रामीण बेरोजगारों के काम अथवा जॉब कार्ड की आवेदन पत्र को रोजगार सेवक या ग्राम सचिव प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त करें और पार्वती रसीद दें वह भी दिनांक वह हस्ताक्षर युक्त जिनका आवेदन मनरेगा मजदूर संघ के ग्राम सभा अध्यक्ष के द्वारा



किया जाए, मनरेगा अधिनियम के निदेर्शानुसार सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु ग्राम सभा में मनरेगा निगरानी समिति का गठन किया जाए और उसका अध्यक्ष ग्राम सभा अध्यक्ष मनरेगा मजदूर संघ को बनाया जाए, सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु ब्लॉक स्तर पर मनरेगा चौकसी समिति का गठन किया जाए और उसका अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष मनरेगा मजदूर संघ को बनाया जाए, जनपद स्तर पर मनरेगा जिला निगरानी समिति का गठन किया जाए और उसका अध्यक्ष जिला अध्यक्ष मनरेगा मजदूर संघ को बनाया जाए, श्रमिकों को सही तरीके से श्रम विभाग में पंजीकरण होकर संचालित योजनाओं में जनपद के श्रमिकों का योजनाओं में आवेदन होकर सही तरीके से और समय से लाभ प्राप्त हो सके इसके लिए जनपद स्तर पर श्रमिक पंजीयन समिति का गठन किया जाए और उसमें जिला अध्यक्ष मनरेगा मजदूर संघ को अध्यक्ष बनाया जाए, अब तक मनरेगा मजदूर संघ के पदाधिकारी द्वारा 90 दिन कार्य पूर्ण कर चुके श्रमिकों के एकत्र किए गए विवरण पत्र को श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिसीव करके शीघ्र पंजीकरण राशिद श्रमिकों को प्रदान करके पात्रता के अनुसार योजना में आवेदन करने का निर्देश दिया जाए, अब तक मनरेगा में कार्य करने के इच्छुक ग्रामीण बेरोजगार और मनरेगा श्रमिकों का ग्राम सभा स्तर पर विकासखंड स्तर पर प्रस्तुत किए गए काम की मांग पत्र के अनुसार नियत समय के अंतर्गत मास्टर रोल निकालकर कार्य प्रदान किया जाए और इसकी सूचना संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा लिखित रूप से मनरेगा मजदूर संघ को दिया जाए, कार्य कर रहे श्रमिकों को प्रथम दिन से ही कार्य स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे स्वच्छ जल स्वास्थ्य किट छाया की व्यवस्था मस्टरोल की छाया प्रति तथा कार्य करने हेतु सभी आवश्यक उपकरण जैसे फैसला फावड़ा आदि मांग के अनुसार शिशु सदन की व्यवस्था किया जाए, कार्य कर रहे श्रमिकों को साप्ताहिक मजदूरी उनके बैंक खातों में भुगतान किया जाए, कार्य कर रहे श्रमिकों को सिर्फ न्यूनतम मजदूरी ही ना दिया जाए अपितु मनरेगा अधिनियम के अनुसार कार्य के आधार पर मजदूरी दी जाए, कार्य स्थल पर कार्य कर रहे मनरेगा श्रमिकों की जॉब कार्ड पर प्रतिदिन रोजगार सेवक के द्वारा मजदूरी और कार्य का अंकन किया जाए, मनरेगा मजदूर संघ के सहयोग से प्रस्तुत किए गए श्रमिकों की मांग पत्र के अनुसार उनके पुराने जॉब कार्डों का नवीनीकरण का कार्य नियत समय में पूरा किया जाए, मनरेगा अधिनियम के निदेर्शानुसार मनरेगा मजदूर संघ को क्रियान्वयन निकाय के रूप में नामित करते हुए समाप्त हो रही नदियों के उद्गम स्थल को खुदाई कर कर सरोवर के रूप में विकसित करने तथा प्रारंभ से विलय तक नदी की पूरी खुदाई करने एवं नदी के दोनों तरफ खाली जमीनों पर स्थाई एवं फलदार वृक्ष लगाने उनके संरक्षण का कार्य सोप जाए, मनरेगा महिला मेंटो को सम्मान सहित ग्राम पंचायतों में उनके अधिकार दिए जाय। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष हरेंद्र यदुवंशी, जिला महासचिव प्रमोद सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष मोहन श्रमिक एवं समस्त ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिन के उजाले में झांसा देकर महिला का जेवर उड़ाया

प्रखर खेतासराय जौनपुर। नगर में शुक्रवार को दिन के उजाले में उचक्कों ने महिला को अपना शिकार बना डाला । बदले में उन्हें कागज की गड्डी थमाकर हजारों रुपये का जेवर उड़ा दिया । पीड़ित अपने परिचित के साथ पुलिस को लिखित सूचना थाने को दी है । मौके पर जाकर महिला सिपाही व अन्य पुलिस कर्मी ने तफ़्तीश किया । वही थानाध्यक्ष ने ऐसी किसी घटना से इंकार किया है । बताया जाता है कि एतमादमपुर गांव निवासी स्व जिलाजीत यादव की पत्नी इमरावती धनतेरस पर कस्बे में खरीदारी करने आई थी । आरोप है कि गोलबाजार के समीप दो उचक्के, महिला को यूनियन बैंक के समीप जाकर कागज के टुकड़े को पैसा की गड्डी बताकर थमा दिया । बदले में महिला का मंगलसूत्र, कान का टब और पॉव का पायल मांग लिया । महिला कुछ समझ पाती उस से पहले उचक्के फरार हो गए । महिला पैसे की जगह कागज की तुड़के पाकर अवाक रह गयी । उसके मुताबिक उसे जैसे किसी नशीला पदार्थ सूंघा दिया गया हो । वह जेवर देते समय अपना मानसिक संतुलन खो बैठी । सूचना पर पहुँची पुलिस उसे ही संदिग्ध बता रही थी । इस बबत एसओ चंदन राय ने बताया कि यह प्रकरण पुलिस के संज्ञान में नही है, और न ही इस सम्बन्ध में पीड़ित की तरफ से कोई तहरीर मिली है।

### कृषि निवेश केन्द्र गोदाम पर ब्लाक प्रमुख राजन सिंह ने 250 किसानों को दिया मिनी किट

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्थानीय ब्लाक अंतर्गत बिरनो आराजी ओड़ासन स्थित कृषि निवेश केंद्र पर गोदाम पर बिरनो ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह के द्वारा दो सौ पचास किसानों को फ्री मिनी किट का वितरण किया गया। शासन की मनसा अनुसार किसानों को दलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित करने एवं क्षेत्र में दलहन की पैदावार को बढ़ाने के लिए सरसों, चना, मटर और मसूर की दाल के बीज का वितरण किया जा रहा है। जिसमें किसानों को कम मूल्य पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है इसके साथ ही सब्सिडी के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहन राशि के तौर पर अधिक से अधिक अनुदान भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज गोदाम प्रभारी विजय कुमार पटेल,एडीओ कृषि विजय कुमार टीएसी अतुल प्रकाश यादव के द्वारा करीब 250 से अधिक किसानों को मसूर की दाल का निःशुल्क किट वितरण किया गया। अतुल प्रकाश यादव ने बताया कि किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा फ्री किट का वितरण कराया जा रहा है। जिसमें किसानों को बीज के अनुपात में कीटनाशक एवं खेतों की उर्वरक क्षमता बढ़ाने के लिए दवा भी दी जा रही है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, अतुल प्रकाश यादव ,राजमणि प्रसाद, इंद्रजीत भारती, धीरज कुशवाहा, सुधाकर यादव ,विजय कुमार ,विजय कुमार पटेल, दयाप्रकाश सिंह, विनोद पटेल ,धनंजय सिंह रामप्रवेश सिंह, आदि लोग उपस्थित है।

### पुलिस ने दीपावली त्यौहार की पूर्व संध्या पर बनवासी समाज के लोगों को कम्बल व गिफ्ट का किया वितरित



प्रखर जौनपुर। दीपावली त्यौहार के पूर्व संध्या पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पुलिस बूथ मियाचक थाना बरसठी में बनवासी समाज के लोगों व ग्राम प्रहरी के साथ दीपावली त्यौहार की खुशियाँ मानायी गयी तथा गिफ्ट व कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ, थानाध्यक्ष बरसठी व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### जाणता राजा के टिकट की बिक्री जोरों पर प्राचार्य ने शिक्षकों के लिए खरीदा टिकट



प्रखर वाराणसी। हिंदवी स्वराज के संस्थापक वीर शिवाजी के जीवन चरित्र पर आधारित विश्व प्रसिद्ध नाटक जाणता राजा का मंचन आगामी 21 नवंबर से 24 नवंबर तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एमपी थिएटर में होना निश्चित है । इसके उद्घाटन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे । बता दें कि जनता राजा विश्व का एकमात्र ऐसा संजीव नाटक व्यवस्था है जिसमें हजारों की संख्या में प्रतिभागी भाग लेते हैं जिनमें जानवरों की भी बड़ी संख्या होती है । इस नाटक के मंचन के लिए वाराणसी में जोर शोर से तैयारी चल रही है। लेकिन इसका असर पूरे पूर्वांचल पर दिखाई दे रहा है । जगह-जगह पर टिकटों की बिक्री की जा रही है। गौरतलब है कि जाणता राजा के टिकटो की बिक्री से होने वाली आय का एक बड़ा भाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय के नजदीक बनने वाले सेवा भारती के उसे प्रकल्प में जाएगा जहां बाहर से आने वाले कैंसर रोगियों और उनके तीरमदारों के सेवा के लिए एक प्रकल्प बनाया जाना है । इसी कड़ी में गुरुवार को कुबा डिग्री कॉलेज मेहनाजपुर आजमगढ़ के प्राचार्य ने अपने शिक्षकों के लिए टिकट खरीदते हुए इस सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दिया है । इस अवसर पर आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष हरि नारायण सिंह बिसेन और अजय सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कायस्थ समाज की शोभायात्रा निकलेगी 15 नवंबर को

जौनपुर । कायस्थ समाज की आराध्य देवता भगवान श्री चित्रगुप्त जी पूजन उत्सव के पावन पर्व पर 15 नवंबर को समस्त के समाज द्वारा एक भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली जाएगी जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है ।इसको लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने बताया कि 15 नवम्बर बुधवार को श्री चित्रगुप्त जी भगवान की भव्य शोभायात्रा टाउन हॉल से निकाली जाएगी। शोभायात्रा कोतवाली चैराहा से चहारसू चैराहा ओलंदगंज होते हुए श्री चित्रगुप्त मन्दिर रुहट्टा पर समाप्त होगी। शोभायात्रा में जिले की समस्त कायस्थ सभाएं शिरकत कर रही है।महासमिति के अध्यक्ष ने समस्त कलमकारों का आवाहन करते हुए कहा कि जो भी शिक्षित समाज है उसे चित्रगुप्त जी की आराधना करना चाहिए एवं उनके शोभायात्रा में सम्मिलित होना चाहिए।

# मांझी बोले- नीतीश को खाने में रोज जहर दिया जा रहा

**कहा- इसी वजह से वे महिलाओं का अपमान और जिंदा मंत्री को श्रद्धांजलि दे रहे**



● पटना

सीएम नीतीश कुमार और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के बीच का विवाद थम नहीं रहा है। शुक्रवार को विधानसभा गेट पर धरने पर बैठे पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार के खाने में कोई विषैला पदार्थ मिला रहा है। उन्हें गद्दी से हटाने के लिए, किसी और को सीएम बनाने के लिए एक बड़ी साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा, इसके कारण ही वह इस तरह की हरकतें कर रहे हैं। कभी विधानसभा में महिलाओं पर विवादित टिप्पणी देते हैं, तो कभी मंत्री अशोक चौधरी के पिता को श्रद्धांजलि देने की बजाय जिंदा मंत्री पर ही फूल चढ़ाने लगते हैं।

गुरुवार 9 नवंबर को विधानसभा में नीतीश कुमार ने जीतनराम मांझी को लेकर बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरी मूर्खता के कारण मांझी सीएम बने। इसके खिलाफ पूर्व सीएम शुक्रवार को विधानसभा में धरना दिया। बीजेपी भी उनके साथ है। विपक्ष ने इसे दलित नेता का अपमान बताया। बीजेपी ने मांझी के आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। नेता-प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ बड़ी साजिश हो रही है। जो उनके दल के लोग हैं, गठबंधन के लोग उनके खिलाफ साजिश कर सकते हैं। बिहार जैसे बड़े राज्य के लिए मांझी ने बड़ा खुलासा किया है।

### मांझी ने कहा- लड्डू नहीं, जहर खिलाना चाहते थे

हम प्रमुख मांझी ने आरोप लगाया, राजद विधायक जो लड्डू उन्हें देने आए थे। उसमें भी जहर मिलाया गया था। जहर मिला लड्डू उन्हें खिलाना चाहते थे। दरअसल गुरुवार को पास हुए आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर सदन स्थगित होने के बाद राजद विधायक लड्डू लेकर आए थे। भाजपा विधायक ने लड्डू से भरा डिब्बा फेंक दिया। इस पर विवाद हो गया।

**अगर पार्टी मोदी को टक्कर देना चाहती है तो प्रियंका को पीएम फेस बनाएं**

# अचार्य कृष्णम बोले: कुछ कांग्रेस नेताओं को राम नाम से ही नफरत

### वे हिंदू धार्मिक गुरुओं का अपमान करना चाहते हैं

● नई दिल्ली



कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैंने महसूस किया है कि कांग्रेस में कुछ ऐसे नेता हैं जो भगवान राम से नफरत करते हैं। ये नेता हिंदू शब्द से भी नफरत करते हैं, वे हिंदू धार्मिक गुरुओं का अपमान करना चाहते हैं। अगर पार्टी नरेंद्र मोदी को कड़ी टक्कर देना चाहती है तो प्रियंका गांधी को पीएम फेस बनाएं। पांच राज्यों में होने वाले चुनाव के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में नाम न होने पर प्रमोद कृष्णम बोले- इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है। हो सकता है कि पार्टी नेतृत्व हिंदुओं का समर्थन न चाहता हो। ये भी मुमकिन है कि उन्हें एक हिंदू गुरु को स्टार प्रचारक नियुक्त करने के मकसद में कुछ खामी नजर आती है। यह पार्टी का फैसला है। उन्होंने गुरुवार को न्यूज एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में ये बेबाक बातें कहीं।

### मंदिर जाने से कोई हिंदू नहीं हो जाता

कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम से पूछा गया कि कुछ नेताओं के मंदिर जाने को बीजेपी धार्मिक पर्यटन बता रही है। जवाब में उन्होंने कहा कि मंदिर जाने से कोई हिंदू नहीं बन जाता या सिर्फ मस्जिद में जाने से कोई मुसलमान नहीं बन जाता। जो ईसा मसीह में विश्वास नहीं करता, वह ईसाई नहीं हो सकता। उसी तरह, जो भगवान राम से नफरत करता है, वह हिंदू नहीं हो सकता। दुनिया जानती है कि राम मंदिर निर्माण को रोकने के प्रयासों ने सनातन धर्म में विश्वास करने वालों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इस तथ्य पर कोई पर्दा नहीं है कि भगवान राम से कौन प्यार करता है या कौन नफरत करता है।

### गठबंधन का मकसद किसी तरह मोदी सरकार को हटाना

कांग्रेस नेता ने इंडिया गठबंधन पर बात करते हुए कहा-इसका मकसद मोदी और भाजपा सरकार को हटाना था। यह अफसोस की बात है कि विपक्षी गठबंधन मोदी से नफरत करते करते देश से नफरत करने लगी है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के बिना कांग्रेस का कोई अस्तित्व नहीं, देश में इंडिया गठबंधन और सारे विपक्ष के पास प्रियंका गांधी के अलावा दूसरा लोकप्रिय नेता नहीं है। फैसला तो कांग्रेस को करना है, अगर कांग्रेस नरेंद्र मोदी को कड़ी टक्कर देना चाहती है तो प्रियंका गांधी को पीएम फेस बनाया जाए।

# चंद्रयान-3 के वैज्ञानिक ने दान किए 25 लाख रुपये

**चार सालों तक नहीं ली एक भी छुट्टी**

● बेंगलुरु

इसरो ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंड करवाकर इतिहास रच दिया था। इसके बाद पूरी दुनिया से बधाई संदेश आए। चंद्रयान-3 की सफलता के पीछे किसी एक शख्स का हाथ नहीं, बल्कि इसरो के कई वैज्ञानिक हैं जो दिन-रात इसमें लगे रहे। इन्हीं में से एक वैज्ञानिक हैं, 46 वर्षीय डॉ. पी. वीरमुथुवेल, जोकि चंद्रयान-3 के प्रोजेक्ट डायरेक्टर थे। उन्होंने चंद्रमा की सतह पर ऐतिहासिक सॉफ्ट-लैंडिंग को सफलतापूर्वक संचालित किया था। रेलवे तकनीशियन के बेटे वीरमुथुवेल ने बड़ा दिल दिखाते हुए अपने अल्मा मेटर को 25 लाख रुपये दान कर दिए। उन्होंने 2019 से 2023 तक चंद्रयान-3 प्रोजेक्ट के चलते एक भी छुट्टी तक नहीं ली।

चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए गांधी जयंती पर तमिलनाडु सरकार ने वीरमुथुवेल और राज्य के उनके आठ सहयोगियों को उपहार के रूप में 25-25 लाख रुपये देकर सम्मानित किया था। उन्होंने अब पूरी राशि उन संस्थानों के पूर्व छात्र संघों को दान करने का फैसला किया है जहां उन्होंने पढ़ाई की है। एक अन्य वैज्ञानिक, बेंगलुरु में यूआर राव सैटेलाइट सेंटर के निदेशक डॉ एम शंकरन ने भी थानथई पेरियार गवर्नमेंट आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, तिरुचिरापल्ली और राजा सेरफोरजी गवर्नमेंट आर्ट्स के पूर्व छात्र संघों को 25 लाख की पुरस्कार राशि दान करने का निर्णय लिया है।

**दो साल से अधिक की सैलरी कर दी दान:** एनडीटीवी के अनुसार, इस दौरान डॉ. वीरमुथुवेल ने कहा कि चंद्रयान की सफलता हमारे बारे में अधिक और मेरे बारे में कम थी, इसलिए पुरस्कार साझा किया जाना था और सबसे अच्छा विकल्प उन संस्थानों को देना था जिन्होंने उन्हें आकार दिया।

## टेरर फंडिंग में एसआईए ने की दूसरे दौर की छापेमारी

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसआईए ने टेरर फंडिंग मामले में शुक्रवार को घाटी के कई जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। यह जानकारी आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने दी। पिछले तीन दिनों में टेरर फंडिंग मामले में की गई यह दूसरी छापेमारी है, इससे पहले बुधवार को एसआईए ने इस मामले में केंद्र शासित प्रदेश और दिल्ली में 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। शुक्रवार को एसआईए ने श्रीनगर, पुलवामा और अनंतनाग जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की।

## जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज की अनुमति नहीं

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जामिया मस्जिद में फिलिस्तीन में नागरिकों की मौत पर विरोध प्रदर्शन की आशंका के बीच लगातार पांचवें सप्ताह नमाज की अनुमति नहीं दी गई। अधिकारियों ने सुबह-सुबह मस्जिद के सभी दरवाजे बंद करने का निर्देश दिया। शुक्रवार की नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर बड़ी ठगी, दो गिरफ्तार


**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी ठगी मामले के बाद मल्टी नेशनल कंपनी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का एक और घोटाला पुलिस ने उजागर किया है। क्यूएफएक्स कंपनी ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर लोगों से धनराशि ली और उन्हें हाई रिटर्न के सपने भी दिखाए। इस पूरे मामले में निवेशकों की 210 करोड़ रुपये की पूंजी लगाई गई थी।

## एसटीए के झारखंड प्रमुख टुडू को किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सोलर टेक्नो एलायंस (एसटीए) क्रिप्टो-पोंजी घोटाले के सिलसिले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू सूत्रों ने शुक्रवार को यहां कहा कि एसटीए इंडिया के संस्थापक सदस्य और झारखंड प्रमुख सुशील कुमार टुडू को आईपीसी की धारा 420/467/46, 471/120-बी, आर/डब्ल्यू पीसीएमएस अधिनियम की धारा 4/5/6 के तहत आठ नवंबर को झारखंड के धनबाद जिले के निरसा पुलिस स्टेशन की सीमा से गिरफ्तार किया गया था।

## आज का इतिहास

- **1208:** ओत्ता वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया।
- **1745:** चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी।
- **1818:** मलक्का में रॉबर्ट मॉरिसन ने एंग्लो-चीनी कॉलेज (बाद में इसका नाम बदलकर यिंग वा कॉलेज) की स्थापना की।
- **1836:** चिली ने बोलीविया और पेरु के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- **1839:** अमेरिका में पहले राजकीय सैन्य कॉलेज वर्जीनिया सैन्य संस्थान की स्थापना की गयी।
- **1852:** वेस्टमिंस्टर का नया पैलेस लंदन में खोला गया।
- **1880:** ऑस्ट्रेलियाई बैंक लुटेरे बुशरेंजर नेड केली को मेलबर्न में फांसी दी गयी।
- **1888 :** स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का सऊदी अरब में जन्म।



# जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बर्फबारी देख पर्यटक मंत्रमुग्ध

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में शुक्रवार को बर्फबारी देखकर पर्यटकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौर गई। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में मौसम की पहली बड़ी बर्फबारी हुई क्योंकि मुख्य जगह पर कई इंच बर्फ जमा हो गई और बड़ी संख्या में पर्यटकों ने एक-दूसरे पर बर्फ का गोला फेंकते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। गुलमर्ग में अफरवात और कोंगडोरी के ऊपरी इलाकों में भी शुक्रवार को मौसम की बड़ी बर्फबारी हुई, जिससे पर्यटक बहुत खुश हुई। कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई जबकि मैदानी इलाकों में भारी बारिश हुई।गुलमर्ग, कश्मीर घाटी का एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, जहां पूरे वर्ष देश के सभी हिस्सों से पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जाती है। कई पर्यटकों को बर्फ पर स्लेजिंग का आनंद लेते हुए देखा गया और कई पर्यटनों ने बर्फ से ढके पहाड़ों की पृष्ठभूमि में अपनी यादगार तस्वीरें क्लिक कर रहे थे। गुलमर्ग इस सर्दियों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। वहीं शिमला, लाहौल और स्पीति जिले में ताजा बर्फबारी के बाद सिस्सू झील के पास बर्फ से पहाड़ियां ढक गई। इधर दिल्ली में दो दिनों से हल्की बारिश जारी है।

# दिल्ली के मुख्य सचिव ने 41 करोड़ की जमीन 353 करोड़ रुपए में बेची

**बेटे की कंपनी को दिलवाया फायदा**

● नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिली है। आरोप है कि नरेश कुमार ने द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए 19 एकड़ भूमि अधिग्रहण सौदे में हेरफेर किया है, जिससे एक कंपनी को 315 करोड़ रुपए का फायदा हुआ। इस कंपनी में नरेश कुमार का बेटा करन चौहान काम करता है। सीएम केजरीवाल ने मामले की जांच विजिलेंस मंत्री आतिशी को सौंप दी है। नरेश कुमार ने अप्रैल 2022 में दिल्ली के मुख्य सचिव बने। इसके 40 दिन बाद हेमंत कुमार ने साउथ वेस्ट जिले में डीएम का पद संभाला। उन्होंने द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए 19 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा 41.50 करोड़ से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपए करने का आदेश दे दिया। इससे पहले तीन जिलाधिकारियों ने इस जमीन का मुआवजा बढ़ाने से इंकार कर दिया था। साल 2018 में दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बमनोली गांव में 19 एकड़ के भूखंड का अधिग्रहण करने के लिए 41.50 करोड़ मुआवजा तय हुआ। साल 2018 में मुआवजे की रकम कुल 41.52 करोड़ रुपए तय हुई, लेकिन मई 2023 में साउथ वेस्ट दिल्ली के तत्कालीन डीएम हेमंत कुमार ने मुआवजे की रकम बढ़ाकर 353 करोड़ कर दी, जो पहले तय हुए मुआवजे का करीब 9 गुना था। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस मामले पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर लिखा- पिछले साल याचिका समिति ने नरेश कुमार पर बेहद गंभीर सवाल उठाए थे, और अब ये। आप विधायक संजीव झा ने एक्स पर लिखा- मैं दावे से कह सकता हूं कि इसको कोई एजेंसी जांच नहीं करेगी, बल्कि तोहफे में चीफ सेक्रेटरी का कार्यकाल बढ़ाया जाएगा। दिल्?ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भी इस मामले को बहुत चौंकाने वाला बताया है।

### डीएम हेमंत कुमार का तर्क

इस जमीन को पहले कृषि भूमि बता दिया गया था, जबकि यह रिहायशी भूमि है। जमीन की कीमत भी उसी हिसाब से मिलनी चाहिए। उधर, जब नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने इसे ऑडिट कराया तो पता चला कि 1 किलोमीटर सड़क बनाने में लागत करीब 18 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली। बाद में एक किलोमीटर सड़क बनाने पर लागत 251 करोड़ रुपए आने लगी।

## रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में 20 करोड़ की लूट, सीएम धामी ने डीजीपी को किया तलब

● देहरादून

उत्तराखंड के देहरादून में धनतेरस से पहले लुटेरों ने रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में हाथ साफ कर दिया। 20 करोड़ रुपए के गहने लेकर फरार हो गए। लूट की वारदात को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक और एसएसपी देहरादून को तलब कर मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वारदात में जिन भी लोगों एवं गिरोह का हाथ है, उन्हें जल्द से जल्द पकड़ कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। कानून व्यवस्था में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारा प्रदेश एक शांतिप्रिय प्रदेश है और कानून व्यवस्था की स्थिति को यहां किसी भी दशा में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो- सीएमउन्होंने यह भी कहा कि इस बात की भी तह तक जाना चाहिए कि स्थापना दिवस और उस पर देहरादून में वीवीआईपी मूवमेंट के कारण कड़े सुरक्षा घेरे के बावजूद घटना कैसे । कहां कमी रह गई। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

## पायलट का दावा, छग-मप्र सहित राजस्थान में एक बार फिर कांग्रेस

**जयपुर, (आरएनएन)।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव में 25 नवंबर को वोटिंग होगी, लेकिन इससे पहले सचिन पायलट ने राजस्थान में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया है। पायलट ने आत्मविश्वास जताया है कि राजस्थान की जनता को कांग्रेस की योजनाएं पसंद आ रही हैं और हम राजस्थान में भारी बहुमत हासिल करेंगे। पायलट ने आखिर में कहा कि हम छग और मप्र में तो सरकार बनाएंगे ही राजस्थान में भी इस बार रिवाज टूटेगा और कांग्रेस पार्टी का शासन दोबारा राजस्थान में होगा।

**लगातार बढ़ रहा कांग्रेस का ग्राफ:** अपने विधानसभा क्षेत्र टोंक में मीडिया से बातचीत के दौरान सचिन पायलट ने कहा कि हमारा चुनाव अभियान बहुत अच्छा चल रहा है, जो रेस्पॉन्स हमें मिल रहा है मतदाताओं का कार्यकर्ताओं का वह बहुत ही उत्साहित है। मैं मानता हूं कि कांग्रेस का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

## कार्रवाई: होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे सस्पेंड, जांच भी होगी



**लखनऊ।** एसडीएम ज्योति मौर्य केस में फंसे महोबा में तैनात होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे पर बड़ी कार्रवाई हुई है। डीजी होमगार्ड बीके मौर्य की सिफारिश पर मनीष दुबे को शासन ने सस्पेंड करने का आदेश जारी कर दिया है। इतना ही नहीं दुबे के खिलाफ विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है। दरअसल, बरेली में तैनात एसडीएम ज्योति मौर्य के पति आलोक मौर्य ने मनीष दुबे के खिलाफ कई आरोप लगाए थे। डीआईजी होमगार्ड प्रयागराज ने जांच मामले की जांच की थी। उनकी रिपोर्ट के बाद डीजी होमगार्ड ने दुबे को सस्पेंड करने की सिफारिश की थी।

### विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए

दो महीने तक डीजी होमगार्ड की सिफारिश की फाइल दबी रही थी। इस मामले में कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बीते सप्ताह मनीष दुबे को सस्पेंड कर विभागीय कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। मंत्री के आदेश के बाद महोबा के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे को सस्पेंड किया गया है और विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के लिखे गाने को मिला ग्रैमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के लिखे गाने को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस कैटेगरी में ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला है। मोदी ने सिंगर फाल्गुनी शाह और गौरव शाह के साथ इस गाने को लिखा है। ऐसा पहली बार है जब किसी राजनेता को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ग्रैमी नॉमिनेशन में जगह मिली हो। इस गाने में मिलेट्स फूड यानी बाजरा की खेती और अनाज के तौर पर इसकी उपयोगिता के बारे में बात की गई है। इससे पूर्व पीएम मोदी ने अपने नवरात्रि की शुरुआत माडी नाम से एक नया गाना जारी करके की है। पीएम मोदी ने एक्स पर किए एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने इस गीत के बोल लिखे हैं, जिसे दिव्य कुमार ने अपनी आवाज दी है. मीत ब्रदर्स ने इस गाने को कम्पोज किया है।

## पूर्व राज्यपाल पीबी आचार्य का मुंबई में निधन



**मुंबई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और विभिन्न राज्यों के पूर्व राज्यपाल पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य, जिन्हें पीबी आचार्य के नाम से भी जाना जाता है, का शुक्रवार को जुहू स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। श्री आचार्य का जन्म तटीय कर्नाटक के उडुपी जिले में आठ अक्टूबर 1931 को हुआ था। श्री आचार्य 2014 से 2019 तक असम, मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के राज्यपाल रहे।राज्यपाल बनने से पहले वह भाजपा में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। वर्ष 1980 में श्री आचार्य भाजपा में शामिल हुए। वह 1987 में उत्तर-पश्चिम बॉम्बे जिला भाजपा के अध्यक्ष चुने गए और बाद में 1989 में मुंबई भाजपा के समिति सदस्य बने।

## भारत में सेल्फी का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**'मेरी माटी मेरा देश' में 10 लाख लोगों ने ली सेल्फी**



**पुणे।** केंद्र की पहल 'मेरी माटी मेरा देश' से जुड़े एक कार्यक्रम में वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल लोगों ने सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा सेल्फी अपलोड करने का रिकॉर्ड बनाया। ये रिकॉर्ड गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया।

दरअसल, बुधवार को पुणे की सवित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी (एसपीपीयू) में ये रिकॉर्ड बनाया गया। यूनिवर्सिटी में मिट्टी के साथ 10,42,538 सेल्फी लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। इससे पूर्व सबसे ज्यादा सेल्फी लेने का रिकॉर्ड चीन के नाम था। 2016 में चीन में एक लाख सेल्फी के साथ ये रिकॉर्ड दर्ज किया।था इस मौके पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों ने विश्व रिकॉर्ड के लिए देशवासियों को बधाई दी। इस मौके पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों ने विश्व रिकॉर्ड के लिए देशवासियों को बधाई दी। यहां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से शिंदे और फडणवीस को रिकॉर्ड सर्टिफिकेट दिया गया।

सीएम शिंदे ने बताया कि हमारे पास 25 लाख सेल्फी थीं, लेकिन 10 लाख 42 हजार सेल्फी को ही इस रिकॉर्ड में शामिल किया गया। ह

### 31 अक्टूबर को कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार 31 अक्टूबर को दिल्ली के कर्तव्?य-पथ (विजय चौक) पर मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है।

**Filmi तड़का**

## टाईगर-3 कल रिलीज होगी सलमान की फिल्म




**मुंबई।** कहने-सुनने में यह बात अजीब लगती है, लेकिन कुछ ऐसे विश्वास होते हैं कि जिन पर न चाहते हुए भी नजर ठहर जाती हैं। हिंदी में कहावत है: **तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा।** मतलब तीसरे के साथ आते, तिकड़ी बनते ही काम बिगड़ने का चांस बढ़ जाता है। अब इसका सलमान खान की दिवाली पर रविवार को रिलीज हो रही टाइगर 3 से क्या संबंध है? असल में यह टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है और इसकी रिलीज के साथ सलमान की टाइगर-कहानियों की तिकड़ी पूरी हो जाएगी! हालांकि फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर काफी उम्मीदें हैं, लेकिन पुराना ट्रेक रिकॉर्ड बता रहा है कि फ्रेंचाइजी फिल्मों की तीसरी कड़ी अक्सर नाकाम रही है। इसमें सलमान की फ्रेंचाइजी फिल्मों की तीसरी फिल्म भी शामिल हैं। नाकाम हैं और भी: इस वक्त सलमान खान ब्लॉकबस्टर की तलाश में हैं क्योंकि पिछले छह वर्षों से उनके ट्रैक रिकॉर्ड में वास्तविक सफलता नहीं देखी गई। उनकी पिछली चार फिल्मों- दबंग 3, राधे, अंतिम और किसी का भाई किसी की जान का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ। भले ही टाइगर 3 से उन्होंने उम्मीदें लगा रखी हैं, लेकिन फिल्म के सामने एक बड़ी उलझन भी है। सलमान की ही फिल्मों पर नजर डालें तो टाइगर से पहले उनकी फ्रेंचाइजी फिल्मों की तीसरी किस्त नाकाम रही है। इनमें रेस 3 और दबंग 3 शामिल हैं। टाइगर 3, एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है के बाद टाइगर सीरीज का तीसरा भाग है। सिर्फ सलमान की फिल्में ही नहीं, ऐसी और भी बॉलीवुड फ्रेंचाइजी हैं, जिनकी तीसरी किस्तों को अपनी पिछली फिल्मों के मुकाबले बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करना पड़ा। जिन्हें दर्शकों ने पुरानी फिल्मों की तरह पसंद नहीं किया। इनमें दबंग 3 और रेस 3 के

## फिर बदली राजकुमार-जाह्नवी की फिल्म की डेट, वजह है 'योद्धा'!




**मुंबई।** रूही में हॉरर कॉमेडी कर हर किसी को खूब हंसाने वाली जोड़ी फिर से पर्दे पर लौट रही है। फिल्म का नाम है मिस्टर एंड मिसेज माही जिसकी रिलीज एक बार फिर बदल गई है। अब फिल्म तय तारीख से 34 दिन बाद रिलीज होगी। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी। फिल्म का पोस्टर शेयर कर बताया कि अब फिल्म अपकमिंग मार्च में नहीं बल्कि 19 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी। इस फिल्म में दूसरी बार जाह्नवी और राजकुमार की जोड़ी दिखेगी। इस फिल्म की अनाउंसमेंट 2021 में हुई थी और पिछले साल ही इसकी शूटिंग भी पूरी हो चुकी है लेकिन अभी तक इसकी रिलीज अटकी है। कुछ समय पहले इसकी रिलीज 15 मार्च फाइनल हुई थी लेकिन अब इसे अप्रैल कर दिया गया है।

खबर संक्षेप

### कोल इंडिया का लाभ 12.5 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12.5 प्रतिशत बढ़कर 6,799.77 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ 6,043.55 करोड़ रुपये था। सूचना में कहा कि जुलाई-सितंबर, 2023 तिमाही में एकीकृत बिक्री बढ़कर 29,978.01 करोड़ रुपये हो गई।

### सेल का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 1,305.59 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1,305.59 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 329.36 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 26,642.02 करोड़ रुपये से बढ़कर 29,858.19 करोड़ रुपये हो गई।

### अपोलो हॉस्पिटल्स के लाभ में इजाफा




**चेन्नई।** अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 294.8 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अपोलो हॉस्पिटल्स का एकल आधार पर शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 279.1 करोड़ रुपये रहा था।

### सोने में 250 रुपए की तेजी चांदी 700 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** सोने में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट थम गई। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 61,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### रिलायंस ने 7.79 प्रतिशत दर पर 20,000 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बांड जारी कर 7.79 प्रतिशत ब्याज पर 20,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। किसी गैर-वित्तीय भारतीय कंपनी का यह सबसे बड़ा बॉन्ड निर्गम है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कूपन यानी ब्याज दर सरकार की उधारी लागत से 0.4 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के 10-साल के बॉन्ड 7.79 प्रतिशत ब्याज पर बेचे गए।

### एलआईसी के शुद्ध लाभ में 50 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत घटकर 7,925 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 15,952 करोड़ रुपये रहा था। शुद्ध प्रीमियम आय चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर 1,07,397 करोड़ रुपये रही जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,32,631.72 करोड़ रुपये था।

# धनतेरस पर पूरे देश में 27 हजार करोड़ रुपए का सोना बिका, बाजार में रहा उत्साह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

धनतेरस के मौके पर पूरे देश के बाजारों में गजब की रौनक नजर आई। धनतेरस से शुरू हुए पंचदिवसीय दीप महोत्सव के त्योहारों पर बाजारों में उत्साह है। तो ट्रेडर्स फेडरेशन के मुताबिक धनतरेस पर पूरे देश में 50,000 करोड़ रुपए से ज्यादा कारोबार देखने को मिला है। जिसमें 27,000 करोड़ रुपए के सोने या उसकी ज्वेलरी की लोगों ने खरीदारी की है।


- 3,000 करोड़ रुपए के करीब चांदी या उसके सामानों की बिक्री हुई

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मीथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि धनतरेस पर सोने-चांदी और अन्य कीमती वस्तुओं का लगभग 30,000 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है। सोने और सोने की ज्वेलरी के सेल्स का आंकड़ा 27,000 करोड़ रुपए का रहा है। 3,000 करोड़ रुपए के करीब चांदी या उसके सामानों की बिक्री हुई है। पिछले वर्ष 2022 में धनतेरस सोने-चांदी का 25,000 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था।

### बाजार में 50,000 करोड़ रुपए का कारोबार देखने मिला

#### देशभर में 50,000 करोड़ रुपए का कारोबार

ट्रेडर्स फेडरेशन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (केट) के एक अनुमान के मुताबिक देश भर में धनतरेस के मौके पर 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का व्यापार हुआ है जबकि केवल राजधानी दिल्ली में ही 5,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का व्यापार हुआ है।



#### 41 टन सोने की बिक्री

2022 में सोने के दाम 52000 रुपए प्रति 10 ग्राम था जबकि उस बार यह 62,000 रुपए प्रति 10 ग्राम में मिल रहा है। चांदी पिछली दिवाली पर 58,000 रुपए किलो के भाव पर बिका था जो इस वर्ष 72,000 रुपए प्रति किलो पर है। एक अनुमान के मुताबिक धनतेरस पर देश में लगभग 41 टन सोना और तकरीबन 400 टन चांदी के गहने और सिक्के की बिक्री हुई है।

#### बर्तन, इलेक्ट्रानिक उपकरण की भारी मांग रही

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि बाजारों में गजब की रौनक रही और लोग सोने-चांदी के साथ श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मी जी, श्री कुबेर जी की मूर्तियां अथवा चित्रों को खरीद रहे थे। बर्तन, रसोई के उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुएं सहित झाड़ू खरीदने को शुभ माना जाता है तो इसकी भी भारी मांग रही। दिवाली के लिए मिट्टी के दीये, बंदनवार, घर एवं ऑफिस को सजाने की वस्तुओं, फर्निशिंग फैब्रिक, दिवाली पूजन सामग्री भी खूब बिकी।

### शोध संस्थान जीटीआरआई ने किया आगाह

# हानिकारण प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत रोकने कड़े कदम उठाए भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में ट्रांस वसा, चीनी और नमक की मात्रा पर कानूनी सीमाएं लगाने की भी सिफारिश की। साथ ही सख्त खाद्य लेबलिंग कानूनों को लागू करने की भी वकालत की, जिससे उपभोक्ताओं को अपने बारे में स्पष्ट, समझने योग्य जानकारी मिले और वे सोच-समझकर उत्पाद का चयन कर पाएं।

#### कड़े नीतिगत उपायों की सिफारिश

जीटीआरआई ने कहा, 'खाद्य एवं कृषि संगठन की खाद्य तथा कृषि स्थिति (एसओएफए) रिपोर्ट पर गौर करते हुए जीटीआरआई भारत में हानिकारक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत को रोकने के लिए अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर कराधान तथा मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान सहित कड़े नीतिगत उपायों की सिफारिश करता है।'

#### 154 देशों की स्थिति के बाद रिपोर्ट तैयार

इस रिपोर्ट को 154 देशों की स्थिति पर गौर करने के बाद तैयार किया गया है। इसमें संकेत दिया गया कि वैश्विक स्तर पर कृषि खाद्य प्रणालियां सालाना कम से कम 10000 अरब अमेरिकी डॉलर की छिपी हुई लागत में योगदान करती हैं। इसमें कहा गया कि भारत में यह प्रति वर्ष 450 अरब अमेरिकी डॉलर है।

सरकार को देश में हानिकारक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत को रोकने के लिए नुकसानदेह खाद्य पदार्थों पर कर बढ़ाने और मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान चलाने जैसे कड़े नीतिगत कदम उठाने चाहिए। शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही।

- नुकसानदेह खाद्य पदार्थों पर कर बढ़ाया जाए
- अभियान चलाकर नीतिगत कदम उठाए सरकार
- ट्रांस वसा, चीनी और नमक की मात्रा पर सीमा लगाए




#### इन आहार से मोटापा होता है

जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'अस्वास्थ्यकर आहार खासकर अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, वसा तथा शर्करा से भरपूर पदार्थ के साथ देश की लड़ाई इन छिपी हुई लागतों के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।' उन्होंने कहा कि रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि इस तरह के आहार से मोटापा और गैर-संचारी रोग होते हैं।

*आहार क्रांति की आवश्यकता : परिणामस्वरूप उत्पादकता में काफी कमी आती है। अस्वास्थ्यकर आहार के कारण भारत की छिपी हुई लागत सकल घरेलू उत्पाद का 7.2 प्रतिशत होने का अनुमान है। आहार क्रांति की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक जरूरी है।*

#### स्नैक्स पर उच्च कर लागू करने का आग्रह

जीटीआरआई ने 'उपभोग को हतोत्साहित करने के लिए 'अल्ट्रा-प्रोसेस्ड' खाद्य पदार्थों, शर्करा युक्त पेय व उच्च वसा वाले 'स्नैक्स' पर उच्च कर लागू लगाने का आग्रह किया। यह कुछ देशों में लगाए गए चीनी कर के समान हो सकता है।'

#### विकट चुनौती का सामना करना पड़ रहा

श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार को पर्यावरणीय प्रबंधन, स्वास्थ्य चेतना तथा सामाजिक समानता को अपने नीतिगत ढांचे में एकीकृत करके कृषि खाद्य प्रणालियों के पैमाने को संतुलित करने के लिए एक विकट चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

# चीन के सबसे बड़े बैंक पर रैंसमवेयर का हमला




एजेंसी ▶▶| बीजिंग

- अमेरिका के ट्रेजरी बाजार में हुआ कारोबार ठप

चीन के सबसे बड़े बैंक के वित्तीय सेवा विभाग ने कहा कि उस पर किए गए रैंसमवेयर यानी साइबर हमले से अमेरिका के ट्रेजरी बाजार में कारोबार कथित तौर पर ठप पड़ गया।

इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना (आईसीबीसी) का वित्तीय सेवा विभाग वित्तीय संस्थानों का व्यापार और अन्य सेवाएं संभालता है। उसकी वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि बैंक पर इस हफ्ते हुए रैंसमवेयर हमले ने कुछ सिस्टम को बाधित कर दिया था। हालांकि, हमले के प्रभाव को सीमित करने के लिए उसने प्रभावित सिस्टम के कुछ हिस्सों को 'डिस्कनेक्ट' कर दिया। न्यूयॉर्क स्थित बैंक ने कहा कि वह हमले की जांच कर रहा है और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भी इसकी सूचना दे दी गई है। उसने कहा कि बुधवार को निष्पादित सभी ट्रेजरी लेनदेन और बृहस्पतिवार को रेपो वित्तपोषण लेनदेन को मंजूरी दे दी गई।

#### लॉकबिट का हाथ होने की रिपोर्ट

बैंक के मुताबिक, रैंसमवेयर हमले से आईसीबीसी की बैंकिंग, ईमेल और अन्य प्रणालियां प्रभावित नहीं हुईं। उसने हमले के पीछे लॉकबिट का हाथ होने संबंधी रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। लॉकबिट रूसी भाषा बोलने वाला एक रैंसमवेयर सिंडिकेट है।

# अंतिम घंटे में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कारोबार के अंतिम घंटे में वाहन, आईटी और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 72 अंक से अधिक लाभ में रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बावजूद घरेलू बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान काफी समय तक नुकसान में था। अंत में 72.48 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64,904.68 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 30.05 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,425.35 अंक पर बंद हुआ।

शुक्रवार को समाप्त संवत वर्ष 2079 के दौरान बीएसई सेंसेक्स 5,073.02 अंक यानी 8.47 फीसदी उछला, जबकि निफ्टी 1,694.6 अंक यानी 9.55 फीसदी चढ़ गया। इस दौरान बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 43.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़कर 3,20,29,232.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर, बीएसई सेंसेक्स 540.9 अंक या 0.84 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि निफ्टी 194.75 अंक यानी एक प्रतिशत मजबूत हुआ। मानक सूचकांकों पर वैश्विक बाजार का असर है क्योंकि अमेरिकी केंद्रीय बैंक को भरोसा नहीं है कि हेडलाइन मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और बांड प्रतिफल बढ़ रहा है। इन चिंताओं के बावजूद, बाजार ने मजबूत प्रतिरोध दिखाया है।



- सेंसेक्स 72 अंक और निफ्टी में 30 अंक की बढ़त
- वाहन, आईटी और प्रौदयोगिकी शेयरों में रही तेजी

#### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स शेयरों में एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

# यात्री और तिपहिया वाहनों की रही रिकॉर्ड बिक्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

त्योहारी सीजन की मजबूत मांग के दम पर अक्टूबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

- त्योहारी मांग के दम पर अक्टूबर में बेहतरीन रही बिक्री

अक्टूबर में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 3,89,714 इकाई रही। अक्टूबर 2022 में यह 3,36,330 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया खंड में भी अक्टूबर में अभी तक की सबसे अधिक 76,940 इकाइयों की मासिक आपूर्ति की गई। यह संख्या पिछले साल से 42 प्रतिशत अधिक है, जब 54,154 इकाइयों की आपूर्ति की गई थी। वाहन बनाने वाली कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, 'यात्री वाहनों तथा तिपहिया वाहनों दोनों ने अक्टूबर में अभी तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। दोपहिया वाहन खंड ने भी अक्टूबर 2023 के महीने में अच्छी बिक्री दर्ज की।'



#### उद्योग के लिए उत्साहजनक स्थिति

अग्रवाल ने बताया कि सभी तीन खंडों ने दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की है और यह वृद्धि गति उद्योग के लिए उत्साहजनक है। यह सरकार की अनुकूल नीतियों और त्योहारी सीजन से मुमकिन हो पाया है। अक्टूबर में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 18,95,799 इकाई हो गई, जो पिछले साल समान महीने में 15,78,383 इकाई थी।

### गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की तेजी से बढ़ी दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** अनिश्चित समय के दौरान सुरक्षित निवेश माने जाने वाले गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की ओर निवेशकों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। उन्होंने अक्टूबर में इन निवेश योजनाओं में 841 करोड़ रुपये निवेश किये, जबकि इससे पिछले महीने में यह आंकड़ा 175 करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि में गोल्ड ईटीएफ का परिसंपत्ति आधार भी बढ़ गया।

दिवाली धनतेरस के मौके पर सोने और चांदी की खरीदारी शुक्रवार को सकारात्मक रुख के साथ शुरू हुई। सोने की कीमतों में नरमी के साथ उपभोक्ता मांग में सुधार के चलते इसमें तेजी हुई।

# पतंजलि ने नेपाल में भूकंप पीड़ित परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजी

- नेपाल के भूकंप पीड़ितों का सहारा बना पतंजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरिद्वार



नेपाल के विनाशकारी भूकंप से सैकड़ों लोगों की जीवनलीला समाप्त हो गई परन्तु इस प्राकृतिक आपदा के कारण जिनका जीवन संघर्षमय हो गया है उनके लिए तो हम कुछ कर ही सकते हैं। हमें आपदा पीड़ितों के लिए आगे आना चाहिए और यथासम्भव सहयोग करना चाहिए। इसी भाव से पतंजलि आपदा के समय नेपालवासियों का सहारा बनकर सामने आया है। पतंजलि के द्वारा नेपाल में भूकंप पीड़ितों के लिए जरूरी सामान तथा खाद्य सामग्री लेकर आठ ट्रक रवाना किए गए हैं। पतंजलि फूड पार्क से पतंजलि के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज तथा महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने झण्डी दिखाकर ट्रकों को रवाना किया। इस अवसर पर आचार्य जी ने कहा कि आपदा के समय सबसे बड़ी चुनौती पीड़ितों के जीवन यापन के लिए दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कराना होती है। पतंजलि इस संकट की घड़ी में नेपाल के भूकंप पीड़ितों का सहारा बना है। पतंजलि ने लगभग 50 टन राहत सामग्री के रूप में टेंट, कम्बल, बर्तन, आटा, चावल, दालें, तेल, नमक, मसाले, साबुन, तिरपाल इत्यादि रवाना किए हैं।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा का लाभ 2,348 करोड़ रुपए




**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 2,348 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले साल समान अवधि में शुद्ध लाभ 2,209 करोड़ रुपये रहा था। एमएंडएम की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में राजस्व सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 34,436 करोड़ रुपये हो गया। एमएंडएम के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि टेक महिंद्रा के लिए यह तिमाही कठिन रही, लेकिन कंपनी अब कारोबार में बदलाव लाएगी। मोटर वाहन उद्योग में दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार 20 प्रतिशत बढ़कर 18,869 करोड़ रुपये रहा।

### ग्राहकों को खरीदारी करने पर ज्यादा वारंटी का लाभ मिलेगा

# सरकार ने कसा पेंच, अब आपको मिलेगी ज्यादा वारंटी का लाभ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने उपभोक्ताओं को एक बड़ी राहत दी है। विभिन्न व्हाइट गुड्स जैसे टीवी, फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन आदि के मामले में अब ग्राहकों को खरीदारी करने पर ज्यादा वारंटी का लाभ मिलेगा। इसके लिए सरकार ने कंपनियों को वारंटी की प्रक्रिया में जरूरी बदलाव करने के लिए कहा है।

- कंपनियों को वारंटी की प्रक्रिया में बदलाव करने को कहा

रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने व्हाइट गुड्स बनाने वाली कंपनियों को अपनी गारंटी व वारंटी नीति में संशोधन करने के लिए कहा है। सरकार का कहना है कि वारंटी की शुरुआत सामानों की बिक्री की तारीख से नहीं होनी चाहिए। इसकी जगह पर वारंटी की शुरुआत इंस्टॉलेशन की तारीख से होनी चाहिए।

#### इन कंपनियों को गया लेटर

रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने इस संबंध में कई व्हाइट गुड्स मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों और उद्योग संगठनों को पत्र लिखा है। जिन्हें सरकार की ओर से पत्र लिखा गया है, उनमें सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और पीएचडीसीसीआई जैसे 6 उद्योग संगठन शामिल हैं। उनके अलावा सैमसंग, एलजी, पैनासोनिक, ब्लू स्टार, केंट, व्हर्लपूल, वोल्टास, बॉश, हैवेल्स, फिलिप्स, तोशिबा, डाइकिन, सोनी, हिताची, आईएफबी, गोदरेज, हायर, यूरेका फोर्ब्स और लॉयड जैसी कंपनियों को भी सरकारी पत्र मिला है।




#### त्योहारों में हो रही खूब बिक्री

सरकार ने व्हाइट गुड्स पर गारंटी व वारंटी को लेकर संशोधन की यह जरूरी पहल ऐसे समय की है, जब देश में इन सामानों की मांग चरम पर है। आम तौर पर हर साल दीपावली के आस-पास त्योहारी सीजन सेल में टीवी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन आदि जैसे व्हाइट गुड्स की डिमांड जोरों पर रहती है। सरकार के इस दखल से ऐसे सामानों की खरीदारी कर रहे ग्राहकों को अधिक वारंटी का सीधा फायदा होने वाला है।

#### अभी ग्राहकों को ये नुकसान

सरकार का कहना है कि व्हाइट गुड्स ऐसे सामान होते हैं, जिन्हें एक्सपर्ट के द्वारा इंस्टॉल कराए जाने की जरूरत होती है। जब तक एक्सपर्ट के द्वारा उन्हें इंस्टॉल नहीं किया जाता है, ऐसे सामान ग्राहकों के पास बिना इस्तेमाल के पड़े रहते हैं। ऐसे में जब बिक्री की तारीख से वारंटी का समय शुरू हो जाता है तो ग्राहकों को बिना वजह समय का नुकसान होता है। इस कारण कंपनियों को इंस्टॉलेशन की तारीख से वारंटी की शुरुआत करनी चाहिए।

### सितंबर में औद्योगिक उत्पादन 5.8 % बढ़ा



**नई दिल्ली।** विनिर्माण और खनन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर 2023 में 5.8 प्रतिशत रही। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पर आधारित औद्योगिक उत्पादन इससे पिछले महीने अगस्त 2023 में 10.3 प्रतिशत और एक साल पहले सितंबर 2022 में 3.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। यानी मासिक आधार पर इसमें गिरावट आई है लेकिन सालाना आधार पर अच्छी वृद्धि है। सालाना आधार पर विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के उत्पादन में सुधार देखा गया।

विश्व कप


नौ मैचों में सात जीत से 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर अफ्रीकी टीम

# दक्षिण अफ्रीका पांच विकेट से जीता अफगान हारकर वर्ल्ड कप से बाहर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां विश्व कप के अपने अंतिम लीग मैच में अफगानिस्तान से मिली चुनौती को पांच विकेट से पस्त कर दिया। अफगानिस्तान हार से वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। अफगानी टीम युवा आल राउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई ने नाबाद 97 रन की पारी के बाद 50 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने रासी वान डर डुसेन की 95 गेंद में नाबाद 76 रन की पारी की बदौलत यह लक्ष्य 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 247 रन बनाकर हासिल कर लिया।

वान डर डुसेन और एंडिले फेलुकवायो ने नाबाद 65 रन की भागीदारी निभाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। फेलुकवायो ने नाबाद 39 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए ओमरजई ने टूर्नामेंट में अच्छी लय जारी रखते हुए 107 गेंद में सात चौके और तीन छक्के जड़े, हालांकि वह अपने पहले वनडे शतक से चूक गए और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अंतिम ओवर की अंतिम तीन गेंद पर कागिसो रबाडा के खिलाफ कोई रन नहीं बना सके। उन्होंने तब टीम को संभाला जब उसने छह विकेट 116 रन पर गंवा दिए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे सफल गेंदबाज जेराल्ड कोएत्जी रहे जिन्होंने 10 ओवर में एक मेडन से 44 रन देकर चार विकेट झटके।




### गेराल्ड ने 23 साल की उम्र में अफ्रीका की ओर से झटके सर्वाधिक 18 विकेट

दक्षिण अफ्रीका के 23 साल के युवा तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में इतिहास रच डाला है। कोएत्जी ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके। यंग फास्ट बॉलर के आगे अफगानिस्तान के बल्लेबाजों की एक नहीं चली और उन्होंने 10 ओवर के स्पेल में 44 रन खर्च करते हुए चार विकेट झटके। कोएत्जी ने चार विकेट लेने के साथ ही खास मुकाम भी हासिल कर लिया है। गेराल्ड कोएत्जी ने वनडे विश्व कप के एक सीजन में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ चार विकेट लेने के साथ ही वर्ल्ड कप 2023 में उनके नाम कुल 18 विकेट हो गए हैं।

शीर्ष स्कोरर



क्विंटन डिकॉक
591 रन
दक्षिण अफ्रीका

शीर्ष विकेट टेकर



दिलशान मधुशंका
21 विकेट
श्रीलंका

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का क्लासेन बो महाराज | 25 | 22 | 3 | 1 |
| जदरान का डिकॉक बो कोएत्जी | 15 | 30 | 3 | 0 |
| शाह का मिलर बो एनगिडी | 26 | 46 | 2 | 0 |
| शाहिदी का डिकॉक बो महाराज | 02 | 07 | 0 | 0 |
| अजमतुल्लाह ओमरजई नाबाद | 97 | 107 | 7 | 3 |
| अलीखिल का डिकॉक बो कोएत्जी | 12 | 14 | 1 | 1 |
| नबी का डिकॉक बो एनगिडी | 02 | 03 | 0 | 0 |
| राशिद का डिकॉक बो फेलुकवायो | 14 | 30 | 0 | 0 |
| नूर का डिकॉक बो कोएत्जी | 26 | 32 | 4 | 0 |
| रहमान का मार्कराम बो कोएत्जी | 08 | 05 | 0 | 1 |
| नवीनुल हक रन आउट | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 50 ओवर में 244/10

गेंदबाजी : रबाडा 10-0-40-0, एनगिडी 8.3-0-69-2, मार्कराम 4.3-0-25-0, कोएत्जी 10-1-44-4, महाराज 10-1-25-2, फेलुकवायो 7-0-36-1.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा बो नबी | 41 | 47 | 2 | 3 |
| बावुमा का गुरबाज बो रहमान | 23 | 28 | 3 | 0 |
| रासी वान डर डुसेन नाबाद | 76 | 95 | 6 | 1 |
| मार्कराम का हक बो राशिद | 25 | 32 | 1 | 1 |
| हेनरिच क्लासेन बो राशिद | 10 | 13 | 1 | 0 |
| मिलर का एवं बो मोहम्मद नबी | 24 | 33 | 1 | 1 |
| एंडिले फेलुकवायो नाबाद | 39 | 37 | 1 | 3 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 47.3 ओवर में 247/5

गेंदबाजी : रहमान 10-0-51-1, हक 6.3-0-52-0, नबी 10-1-35-2, ओमरजई 1-0-8-0, राशिद 10-1-37-2, नूर अहमद 9-0-49-0, शाह 1-0-12-0.

### वर्ल्ड कप : अंक तालिका

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 |
| द. अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 12 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 10 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 4 |
| नीदरलैंड्स | 8 | 2 | 6 | 4 |

हॉकी



## अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा : सविता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में भले ही दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के साथ रखा गया है लेकिन कप्तान सविता पूनिया का कहना है कि उनकी टीम में इस चुनौती से निपटने की क्षमता है।*

*रांची में 13 से 19 जनवरी तक चलने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के भारतीय चरण में मेजबान टीम छठे नंबर से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसमें अन्य टीम न्यूजीलैंड (नौवें), जापान (11वें), चिली (14वें), अमेरिका (15वें), इटली (19वें) और चेक गणराज्य (25वें) हैं। स्पेन के वालेंसिया में भी अन्य आठ टीमें ओलंपिक स्थान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। सविता ने कहा, 'हमें अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है और प्रतिद्वंद्वी टीमों की रैंकिंग से हम डरे हुए नहीं हैं। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारत आने वाली सभी मजबूत टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम जुलाई में जर्मनी से खेले थे इसलिए हम जानते हैं कि हमारी भिंड़त किससे है।'*

## पोलो : सर प्रताप सिंह कप में जिंदल पैंथर ने स्पार्टंस को 10-9 से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पोलो खिलाड़ी नवीन जिंदल के नेतृत्व में जिंदल पैंथर ने सलीम आजमी, अर्जुन पुरस्कार विजेता सिमरन शेरगिल और सैंटियागो मरांबियो के आक्रामक खेल की बदौलत सर प्रताप सिंह कप के लिए हुए मैच में अपोलो स्पार्टंस को 9 के मुकाबले 10 गोल से हरा दिया। जिंदल को शानदार खेल के लिए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का खिताब प्रदान किया गया। नई दिल्ली के जयपुर पोलो ग्राउंड में शुक्रवार को प्रस्तावित यह मैच बारिश के कारण जिंदल पोलो ग्राउंड, नोएडा में आयोजित किया गया। इस मैच में दोनों ही तरफ के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन जिंदल पैंथर की टीम 10-9 से यह मैच जीत गई। अपोलो स्पार्टंस का नेतृत्व कैप्टन एपी सिंह ने किया। उनके साथ रफुस बेंजामिन उलोथ, अर्जुन पुरस्कार विजेता समीर सुहाग और सिद्धांत शर्मा ने अंत तक खेल में रोमांच बनाए रखा। पैंथर कप के बाद इस सीजन में टीम जिंदल पैंथर की यह लगातार छठी जीत है।

### खबर संक्षेप



#### निकोल्स पर गेंद से छेड़खानी के आरोप

**वेलिंगटन।** टेस्ट बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को इस सप्ताह एक घरेलू क्रिकेट मैच में गेंद से छेड़खानी का दोषी पाया गया है और उन पर न्यूजीलैंड क्रिकेट की आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप है। टीवी फुटेज में दिखा कि निकोल्स की केंटरबरी टीम और आकलैंड के बीच प्लंकेट शील्ड मैच के दौरान उन्होंने गेंद को खुरचा था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, 'निकोल्स पर आचार संहिता की धारा 1.15 के नियम 3.1 के उल्लंघन का आरोप है। उन्होंने प्लंकेट शील्ड मैच के दौरान यह नियम तोड़ा।' सुनवाई की कोई तारीख तय नहीं की गई है।

#### ब्रिसबेन से वापसी करेगी ओसाका

**ब्रिसबेन।** चार बार की एकल ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ब्रिसबेन इंटरनेशनल अभ्यास टूर्नामेंट के जरिए टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी।



टूर्नामेंट अधिकारियों ने पुष्टि की कि ओसाका 31 दिसंबर से सात जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेगी। दो बार की आस्ट्रेलियाई और अमेरिकी ओपन विजेता ओसाका ने पिछले साल गर्भवती होने के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से नाम वापिस ले लिया था। जापान में जन्मी ओसाका तीन वर्ष की उम्र में अपने माता पिता के साथ अमेरिका आ बसी थी।

#### फ्लॉप शो के लिए बाहरी साजिश जिम्मेदार

**कोलंबो।** मुख्य चयनकर्ता प्रमोदया विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के पीछे बाहरी साजिश है। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम शुक्रवार की सुबह भारत से लौट आई। उसे बेंगलुरु में आखिरी ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड ने पांच विकेट से हराया। खराब प्रदर्शन के कारणों के बारे में पूछे जाने पर विक्रमसिंघा ने कहा, 'मुझे दो दिन का समय दीजिए। फिर सब कुछ बता दूंगा। यह बाहरी साजिश का परिणाम है। मैं बहुत दुखी हूं। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं।'

## गुरकीरत सिंह ने अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



ऑस्ट्रेलिया के 2016 के दौरे में भारत की तरफ से तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाले गुरकीरत सिंह मान ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। गुरकीरत ने भारत की तरफ से इन मैचों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने के अलावा ऑफ स्पिनर के रूप में 10 ओवर भी किए थे। पंजाब की टीम में अंदर बाहर होने और 2020 से आईपीएल में नहीं खेल पाने के कारण गुरकीरत ने संन्यास लेने का फैसला किया।

गुरकीरत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज का दिन मेरी अविश्वसनीय क्रिकेट यात्रा का अंतिम दिन है। भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। मेरा सहयोग करने के लिए मैं अपने परिवार, मित्रों, कोच और साथी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी ने मेरे करियर में अहम भूमिका निभाई।'

#### रणजी में दोहरा शतक

*मान ने 2011 में सी के नायडू ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। इसके बाद उन्होंने 2015-16 में रणजी ट्रॉफी में बेहतरीन खेल दिखाया था और तब एक दोहरा शतक भी जड़ा था। वनडे में पदार्पण करने से पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम में भी शामिल किया गया था, लेकिन उन्हें पदार्पण करने का मौका नहीं मिला।*

#### आईपीएल में प्रदर्शन

आईपीएल में वह पंजाब किंग्स, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेले। वह 2022 में खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे लेकिन तब उन्होंने कोई मैच नहीं खेला था। आईपीएल में उन्होंने 41 मैचों में 121 की स्ट्राइक रेट से 511 रन बनाए। पंजाब की तरफ से हाल में उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक मैच खेला था। भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब गुरकीरत विदेशी टी20 लीग में अपनी किस्मत आजमाने की कोशिश कर सकते हैं।

## किसी भी आईसीसी इवेंट में हिस्सा नहीं ले पाएगा श्रीलंका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इस समय क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सख्त कदम उठाते हुए श्रीलंकाई क्रिकेट को सस्पेंड कर दिया है। आईसीसी का यह फैसला श्रीलंकाई संसद की तरफ से गुरुवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करने के बाद आया है। प्रस्ताव में श्रीलंका क्रिकेट को बर्खास्त करने की मांग की गई थी, जिसका सत्तारुढ़ और विपक्षी दोनों दलों ने समर्थन किया था। आईसीसी इस निष्कर्ष पर पहुंची कि श्रीलंका क्रिकेट एक सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का गंभीर उल्लंघन कर रहा है। उसे अपने सभी मामलों को स्वायत्त रूप से मैनेज करने की जरूरत है। श्रीलंका क्रिकेट को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि शासन, विनियमन और/या प्रशासन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं हो। जब तक आईसीसी श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड पर से प्रतिबंध नहीं हटाता, श्रीलंका किसी भी आईसीसी इवेंट में हिस्सा नहीं ले पाएगा। वैसे अच्छी बात यह है कि आईसीसी ने क्रिकेट वर्ल्ड कप में श्रीलंकाई टीम के सारे मुकाबले खत्म होने के बाद ये एक्शन लिया है, ऐसे में वर्ल्ड कप के शेड्यूल पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## पंत अब ठीक, अगले साल आईपीएल में करेगा वापसी



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

*दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अगले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पंत गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों के साथ जुड़ गए। गांगुली ने पंत के बारे में अपडेट देते हुए पत्रकारों से कहा, 'वह (पंत) अब ठीक है। वह अगले आईपीएल सत्र में खेलेगा।*

*ऋषभ हालांकि यहां अभ्यास नहीं करेगा। अभी अभ्यास शुरू करने के लिए समय है। जनवरी तक वह और बेहतर हो जाएगा। हम टीम के बारे में बात कर रहे थे। वह कप्तान है इसलिए आगामी नीलामी के संबंध में उसने अपने विचार रखे। वह इसी वजह से यहां आया ताकि टीम संबंधित कुछ पहलुओं को अंतिम रूप दे सके।'*

## संपूर्ण बल्लेबाज पर नहीं ध्यान, नए स्ट्रोक सीखना महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली तकनीक के बजाय एक बल्लेबाज के रूप में नए स्ट्रोक लगाने की योग्यता को अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। इस 35 वर्षीय बल्लेबाज ने पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के खिलाफ



लगातार दो छक्के लगाकर अपने शॉट की विविधता का शानदार नमूना पेश किया था। कोहली ने कहा, 'एक चीज तकनीक और कौशल का अभ्यास है। एक ऐसी चीज है जहां आप तकनीक के बारे में सोचते हैं जिसका उपयोग आप मैच जीतने के लिए कर सकते हैं या यह सोचकर उसे अपनाते हैं कि अगर मैं इस तरह से खेलता हूं तो सुधार जरूर होगा। बल्लेबाजी में सुधार के लिए बहुत से लोग इस बात के बारे में नहीं जानते हैं।'

### आज अपना अंतिम लीग मैच खेलेगी टीमें

## आस्ट्रेलिया के सामने बांग्लादेश की कमजोर चुनौती

एजेंसी ▶▶| पुणे

सेमीफाइनल में जगह बना चुकी आत्मविश्वास से ओतप्रोत आस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप के आखिरी लीग मैच में शनिवार को शाकिब अल हसन के बिना उतरने वाली बांग्लादेश के खिलाफ इस लय को कायम रखने उतरेगी। पांच बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया ने पिछले छह मैचों में शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की है। वहीं बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम रही।

पैट कमिंस की टीम ने ग्लेन मैक्सवेल के नाबाद दोहरे शतक के दम पर अफगानिस्तान पर चमत्कारिक जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी



ओर बांग्लादेश ने तनावपूर्ण मुकाबले में श्रीलंका को तीन विकेट से हराकर 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी क्वालिफिकेशन की उम्मीदें कायम रखी हैं। एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट किए जाने से वह मैच काफी तनावपूर्ण हो गया था । मेजबान पाकिस्तान समेत आठ शीर्ष टीमें 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी खेलेंगी। आस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर आठ पारियों में 446 रन बना चुके हैं जबकि छठे नंबर के बल्लेबाज मैक्सवेल ने 397 रन बना लिये हैं जिसमें विश्व कप में वनडे का सबसे तेज शतक और एक दोहरा शतक शामिल है।

सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने वापसी पर शतक जमाया है जबकि मिशेल मार्श ने अर्धशतक और शतक बनाया है लेकिन मध्यक्रम अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाया है।

#### पाक को चमत्कारिक जीत की उम्मीद

कोलकाता। पाकिस्तान को विश्व कप सेमीफाइनल में प्रवेश के लिये इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को अपने आखिरी लीग मैच में लगभग असंभव अंतर के साथ चमत्कारिक जीत दर्ज करनी होगी जबकि इंग्लैंड की नजरें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने पर लगी होंगी। 1992 की चैंपियन पाकिस्तान को अब असंभव से अंतर से इंग्लैंड को हराना होगा। न्यूजीलैंड का नेट रनरेट इस समय प्लस 0.743 है जबकि पाकिस्तान का प्लस 0.036 है । बाबर आजम की टीम को पहले बल्लेबाजी करने पर करीब 287 रन से जीतना होगा और लक्ष्य का पीछा करते हुए 284 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी जो नामुमकिन सा है।

## पहली बार मैराथन में हिस्सा लेने से पहले ऐसे करें तैयारी, बिना थके तय कर पाएंगे लंबी दूरी

फिटनेस लवर्स को मैराथन का बेसब्री से इंतजार रहता है। मैराथन में दौड़ने के लिए कई लोग भाग लेते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा देखा गया है कि कई लोग बिना तैयारी के मैराथन में हिस्सा लेते हैं। लेकिन आपको बता दें कि मैराथन जैसे इवेंट में पूरी तैयारी के साथ आना चाहिए। क्योंकि ऐसा नहीं करने पर आपको कई तरह की शारीरिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अगर आप भी मैराथन में दौड़ने की योजना बना रहे हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। वहीं अगर आप पहली बार मैराथन में हिस्सा लेने जा रहे हैं, तो यह टिप्स आपके काफी काम आ सकते हैं। अगर आपका वेट ज्यादा है, या आप ज्यादा पतले व कमजोर हैं, तो ऐसी स्थिति में आपको मैराथन में नहीं दौड़ना चाहिए। ऐसे में आपको इसमें चोट लगने का खतरा भी हो सकता है। क्योंकि मैराथन में कई धावक हिस्सा लेते हैं। इस तरह से आपको चोट भी लगने का खतरा होता है। मैराथन में हिस्सा लेने पर यह सलाह दी जाती है कि उचित पोषण और वेट ट्रेनिंग द्वारा अपना वेट कम करें। क्योंकि अगर आपका वेट ज्यादा होता है, तो आपके शरीर का ऊपरी वजन पैरों के नीचे आ जाता है। वहीं अगर आप ज्यादा दुबले होते हैं, तो आपका ऊपरी शरीर काफी कमजोर हो जाता है और आपके कंधे टूट सकते हैं। ऐसा हमारी लाइफस्टाइल की वजह से होता है और पसलियां संकुचित हो जाती है। साथ ही श्वास भी प्रभावित होती है। एक दुबला-पतला व्यक्ति जिसका वेट कंट्रोल में होता है तो वह मैराथन दौड़ने के शुरूआती 2-3 सालों में शारीरिक रूप से घायल नहीं होता है। अधिकतर लोग सोचते हैं कि सड़क पर दौड़ने से आपको चोट नहीं लगेगी। लेकिन आपके दौड़ने का तरीका आपको मुश्किल में डाल सकता है। बता दें कि मूल रूप से दौड़ना अपनी ताकत को टेस्ट करने के बारे में है। इसलिए मैराथन में हिस्सा लेने से पहले आपको रनिंग की प्रैक्टिस जरूर करना चाहिए। साथ ही उचित रनिंग फॉर्म या तकनीक के साथ मैराथन में हिस्सा लें।




# पटाखों से बच्चे और गर्भवती महिलाएं रहें दूर

**पटाखों** के तेज धमाके और उनसे निकलने वाली जहरीली गैस सामान्य लोगों पर ही नही बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु पर भी बुरा असर डाल सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार तेज पटाखे के धमाके स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं। सांस रोगियों को खास तौर से बचाव करने की जरूरत है। सहारा हास्पिटल की बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर मोनिका कार ने बताया कि दिवाली प्रकाश पर्व है लेकिन पटाखों की बढ़ती होड़ ने इसे धमाका पर्व बना दिया। पटाखों से निकलने वाले धुएं से स्वास्थ्य पर बुरा असर तो पड़ता है लेकिन गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए तो यह और भी खतरनाक है। उन्होंने बताया कि पटाखों के तेज शोर से समय पूर्व प्रसव पीड़ा शुरू हो सकती है। गर्भवती महिलाओं को पटाखे जलाने से पूरी तरह परहेज करना चाहिए। पटाखों के तेज शोर के प्रभाव को कम करने के लिए और जहरीले धुएं के जोखिम से बचने के लिए घर के अंदर ही रहना चाहिए। पटाखों का धुआं विषैला होता है। इसमें भारी धातुएं जैसे सीसा, कैडमियम, मैगनीज, नाइट्रेटस, तांबा और सल्फर ऑक्साइड भी होते है। यदि प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक है तो प्रसव के बाद नवजात में तंत्रिका विकास में देरी और बहरापन भी हो सकता है।


डॉ. मोनिका कार
बाल रोग विशेषज्ञ
सहारा हास्पिटल, लखनऊ

उन्होंने कहा कि परम्परा के अनुसार दिवाली प्रकाश का पर्व है। पहले इस दौरान सिर्फ दिये जलाये जाते थे लेकिन पिछले कुछ सालों में पटाखों की अंधी होड़ ने प्रकाश पर्व के स्वरूप को ही बदलकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि तेज धमाकेदार पटाखों के जलने से वायु प्रदूषण के साथ-साथ जल और ध्वनि प्रदूषण हो रहा है इससे अस्थमा हो सकता है या जिन्हें पहले से अस्थमा है उन्हें गंभीर दिक्कत हो सकती है। प्रदूषण से सभी लोगों विशेषकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि पटाखों से गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चो और बुजुर्गो को खतरा हो सकता है, इसलिए उनकी सुरक्षा को लेकर खास सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर जलने वाले पटाखों से आग लगने की घटनाओं का खतरा तो रहता ही है साथ ही बड़ी संख्या में बच्चे घायल होते है।




**सहारा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ की सलाह**

पटाखों के जलाते समय जान जाने का भी खतरा रहता है। धुआं, बारूद त्वचा और बालों के लिए भी नुकसानदायक है। पटाखों के धुएं से बाल रूखे और बेजान हो जाते है। 120 डेसिबल से अधिक का शोर का स्तर बच्चों के कानों के पर्दो के लिए हानिकारक होता है। छोटी सी गलती या लापरवाही आंखों की रोशनी आंशिक या पूर्ण रूप से ले सकती है। उन्होंने कहा कि दिवाली के दिन सामान्य दिनों के मुकाबले ध्वनि प्रदूषण का स्तर डेढ़ गुना अधिक होता है। पटाखों की वजह से सर्वाधिक ध्वनि प्रदूषण रिहायशी इलाकों में होता है और यहीं सबसे ज्यादा नुकसान भी होता है।




*सहारा हॉस्पिटल के सीनियर एडवाइजर श्री अनिल विक्रम सिंह जी ने बताया कि दिवाली उत्साह खुशी और प्रकाश का पर्व है।इस अवसर को अच्छे से मनाएं परन्तु स्वास्थ्य को अनदेखा न करें। विशेष रूप से पटाखे से गर्भवती महिलाएं व बच्चे दूर ही रहें। श्री सिंह ने बताया कि हमारे माननीय अभिभावक सहाराश्री जी द्वारा प्रदत्त अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त सहारा हॉस्पिटल किसी भी आपात स्थिति में विश्वस्तरीय सेवाएं देने के लिए 24 घंटे निरंतर तत्पर है।*

**बरतें जरूरी सावधानियां**

- पटाखे जलाते समय मोटे सूती कपड़े पहनें।
- बहुत तेज आवाज वाले पटाखे न जलाएं।
- पटाखों से जल जाएं तो उस हिस्से को पानी से धोएं।
- गर्भवती महिलाएं विशेष रूप से धमाकों से रहें सावधान
- इमरजेंसी की स्थिति में बिना देरी ले जाएं तुरंत हॉस्पिटल
- धमाके और उनसे निकलने वाली जहरीली गैस गर्भ में पल रहे शिशु पर भी बुरा असर डाल सकते हैं
- पटाखों के तेज शोर से समय पूर्व प्रसव पीड़ा शुरू हो सकती है
- सांस रोगियों को खास तौर से बचाव करने की जरूरत है
- प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक है तो प्रसव के बाद नवजात में तंत्रिका विकास में देरी और बहरापन भी हो सकता है
- बच्चों और बुजुर्गों को भी खास सावधानी बरतने की जरूरत
- बच्चों में अस्थमा होने का खतरा
- बुजुर्गों में अस्थमा गंभीर होपे का खतरा

## सारा अली खान की दिवाली पार्टी में बी-टाउन सेलेब्स ने की शिरकत



**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने अपने परिवार और दोस्तों के लिए दिवाली पाटी होस्ट की।. इस पाटी में करण जौहर, अनन्या पांडे, निधि दत्ता, सिद्धि दत्ता, बिंदिया दत्ता और आदित्य रॉय कपूर जैसी बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। पाटी की तस्वीरें अब सामने आ रही हैं और इसमें सारा की मां अमृता सिंह भी नजर आईं। सारा और अनन्या दोनों ने पाटी के लिए एथनिक आउटफिट्स पहने, जहां अनन्या ने पिंक कलर का शरारा लहंगा पहना था, वहीं सारा ने गोल्डन-वाइट कलर का आउटफिट चुना। निर्देशक जे.पी. दत्ता की बेटी निधि दत्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दिवाली पाटी की कई तस्वीरें शेयर कीं। कार्तिक आर्यन, जिन्होंने सारा और अनन्या दोनों को अलग-अलग समय पर डेट किया, भी इस पाटी में शामिल हुए। जहां कार्तिक और सारा ने 'लव आज कल' में साथ काम किया, वहीं उन्होंने और अनन्या ने 'पति पत्नी और वो' में स्क्रीन शेयर की। कुछ महीने पहले सारा कार्तिक के घर गणपति उत्सव समारोह में भी शामिल हुई थीं।

## इलैयाराजा की बायोपिक में होंगे धनुष

**मुंबई (आईएएनएस)।** म्यूजिक कंपोजर इलैयाराजा पर बायोपिक बन रही है। इससे भी ज्यादा रोमांचक बात यह है कि तमिल सुपरस्टार धनुष स्क्रीन पर इनका किरदार निभाएंगे। इलैयाराजा ने भारतीय सिनेमा में 'नायकन', 'सदमा', 'थेवर मगन', 'आ रात्रि' और कई अन्य प्रोजेक्ट्स में आइकोनिक साउंडट्रैक दिए हैं। अनटाइटल फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2024 में शुरू होने वाली है और निर्माताओं का लक्ष्य फिल्म को साल 2025 के आसपास रिलीज करने का है। इलैयाराजा को इंडस्ट्री में 47 साल हो गए हैं। वह टॉप कंपोजर्स में से एक हैं। उन्होंने 7,000 से ज्यादा सॉन्ग कंपोज किए हैं और 1,000 से ज्यादा फिल्मों के लिए संगीत दिया है। इसके अलावा 20,000 से ज्यादा कॉन्सर्ट में परफॉर्म किया है। उनका निकनेम इसाइग्नानी है और उन्हें अक्सर प्यार से मेस्ट्रो कहा जाता है। यह उपाधि रॉयल फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा, लंदन द्वारा प्रदान की जाती है।





## नई कोविड लहर से गुजर रहा ऑस्ट्रेलिया

**सिडनी (द कन्वरसेशन)।** ऑस्ट्रेलिया अब अपनी अगली कोविड लहर में है। कुछ समय से इसके संकेत देखे गए हैं। अगस्त में विक्टोरिया में मामलों की संख्या और गंभीर बीमारी के संकेतक बढ़ने लगे। लेकिन पूरे ऑस्ट्रेलिया में एक सुसंगत पैटर्न उभरने में कई महीने लग गए हैं। सार्स-कोव-2, वायरस जो कोविड का कारण बनता है, का पता लगाने के लिए अपशिष्ट जल निगरानी के माध्यम से इस नई लहर का प्रमाण देखा गया हैं। कोविड के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या और एंटीवायरल नुस्खों में भी वृद्धि हो रही हैं। पिछली लहरों की तुलना में, यह धीरे-धीरे और लंबी अवधि में बनी है। देखें इस नई लहर के बारे में लोग क्या जानते हैं और आने वाले हफ्तों में क्या उम्मीद की जा सकती है।

### यह चरम पर कब पहुंचेगी?

चरम पर पहुंचने के समय और उस समय तक बीमारी के आकार की भविष्यवाणी करना अधिक कठिन हो गया है। कोविड परीक्षण तक कम पहुंच और परीक्षण परिणामों की रिपोर्ट करने के लिए कम आवश्यकताएं या अवसर, इस लहर की धीमी वृद्धि दर के साथ मिलकर, संभावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला देते हैं। यह लहर राज्यों और क्षेत्रों के बीच भिन्न होने की भी संभावना है, क्योंकि कुछ की शुरुआत बाद में हुई। हालाँकि, लहर की धीमी वृद्धि दर और 2023 में हाइब्रिड प्रतिरक्षा (टीकाकरण और संक्रमण दोनों से प्रतिरक्षा) में और वृद्धि को देखते हुए, यह उम्मीद करना उचित है कि यह अब तक की सबसे छोटी ओमीक्रॉन लहर होगी।

### अब क्यों?

इसकी संभावना नहीं है कि यह नवीनतम कोविड लहर व्यवहार में बदलाव के कारण उत्पन्न हुई है। लोग आम तौर पर बाहर और आसपास हैं, सार्वजनिक स्थानों पर कम लोग मास्क पहन रहे हैं। लेकिन हमें 2022 की तुलना में 2023 में इस प्रकार के व्यवहार में कोई नाटकीय बदलाव नहीं दिख रहा है। यह कोई मौसमी कारण नहीं है, क्योंकि श्वसन वायरस सर्दियों में ज्यादा फैलते हैं, जब हम दूसरों के साथ घर के अंदर बंद होते हैं।

### कौन सा वेरिएंट दोषी है?

इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया में प्राथमिक वायरल वंशावली एक्सबीबी रही है। पिछले छह महीनों में, इसके दो सबसे प्रभावशाली उत्परिवर्तन हुए हैं: एफ456एल उत्परिवर्तन जिसके कारण ईजी.5.1 का उदय हुआ, जिसे एरिस भी कहा जाता है।और बीए.2.86 वंश - जिसे आम बोलचाल की भाषा में पिरोला के नाम से जाना जाता है

### इस कोविड लहर के दौरान सबसे अधिक खतरा किसे है?

महामारी की शुरुआत के बाद से, कोविड से संबंधित मृत्यु और गंभीर बीमारी की दर में काफी गिरावट आई है। ऐसा व्यापक टीकाकरण और हाइब्रिड प्रतिरक्षा और ओमीक्रॉन संस्करण में एक बड़े बदलाव के कारण है, जिससे वायरस के फेफड़ों को संक्रमित करने की संभावना कम हो गई है। हालाँकि, अनंतिम आँकड़े बताते हैं कि जनवरी से जुलाई 2023 तक ऑस्ट्रेलिया में लगभग 3,000 पंजीकृत कोविड मौतें हुई हैं।



**कैसे पता चलेगा कि नई कोविड लहर है?**

पहले की लहरों में, जब अधिक लोग कोविड के लिए परीक्षण कर रहे थे और अपने परिणामों के बारे में बता रहे थे, तो सब आश्वस्त थे कि मामलों की संख्या इस बात का उचित प्रतिबिंब थी कि कोविड कैसे बढ़ रहा था।

## नेगेटिव रोल में नजर आएंगे अभिषेक बनर्जी

**मुंबई (आईएएनएस)।** अभिषेक बनर्जी, जो जल्द ही फिल्म 'अपूर्वा' में नेगेरिटव रोल में नजर आएंगे, ने खुलासा किया है कि कैसे उनकी पहली फिल्म 'स्त्री' उनके करियर के लिए एक बड़ा जोखिम थी। अभिषेक बनजी ने 'स्त्री' में अपने अभिनय से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और अब वह अपकमिंग फिल्म 'अपूर्वा' में डार्क शेड में नजर आएंगे। फिल्म 'स्त्री' के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा : 'स्त्री', मेरी पहली फिल्म और एक बहुत बड़ा जोखिम थी। उस किरदार को निभाना मुश्किल था। उस किरदार को वास्तविक और विश्वसनीय बनाए रखना मुश्किल था, लेकिन हॉरर और कॉमेडी के तत्व जोड़ना जोखिम भरा था। इस फिल्म को करने से पहले मैंने एक फिल्म 'अज्जी' की थी और शूटिंग के पहले दिन हमारे निर्देशक अमर कौशिक ने सबके सामने मुझसे कहा कि मुझे 'अज्जी' से बाहर आने की जरूरत है।



## अप्रैल 2024 में रिलीज होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म लंबे समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। अब इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। शरण शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है। करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और एक्स पर इस फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए, इसकी रिलीज डेट का एलान किया है।



## सुंदर पिचाई एपिक गेम्स बनाम गूगल मामले में देंगे गवाही

**सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)।** अल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के अगले हफ्ते अमेरिकी अदालत में गूगल के खिलाफ एपिक गेम्स के मुकदमे में गवाही देने की संभावना है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, फोर्टनाइट गेम डेवलपर मंगलवार को पिचाई को गवाह के रूप में बुलाना चाहता है। उसका आरोप है कि गूगल प्ले एक गैरकानूनी एकाधिकार है। रिपोर्ट में कहा गया है, अदालती दस्तावेजों में, गूगल ने मंगलवार को अदालत कक्ष में एक मंच का उपयोग करने का अनुरोध किया, इससे पता चलता है कि पिचाई वास्तव में गवाही देने के लिए उपस्थित हो सकते हैं। गूगल द्वारा फोर्टनाइट को प्ले स्टोर से हटाने के बाद मुकदमा दायर किया गया है। एपिक तर्क दे रहा है कि एंड्रॉइड स्मार्टफ़ोन के लिए गूगल प्ले स्टोर पर गूगल का एकाधिकार नियंत्रण राज्य और संघीय दोनों अविश्वास कानूनों का उल्लंघन करता है। इस बीच, टेक दिग्गज ने अदालत को बताया कि गूगल ने अपने लोकप्रिय गेम फोर्टनाइट को गूगल प्ले स्टोर पर लॉन्च करने के लिए गेम डेवलपर एपिक गेम्स को 147 मिलियन डॉलर की डील की पेशकश की। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, गूगल में प्ले पार्टनरशिप की उपाध्यक्ष पूर्णिमा कोचिकर ने अपनी गवाही में कहा कि सौदे को मंजूरी दे दी गई थी और एपिक को प्रस्तुत किया गया था, लेकिन स्वीकार नहीं किया गया। इस सौदे में एपिक को वृद्धिशील फंडिंग (2021 में समाप्त) की तीन साल की अवधि में पैसा वितरित किया जाएगा।




एस.वी.सिंह 'प्रहरी'

# दीपोत्सव यानी प्रेम, प्रकाश और ज्ञान का पर्व



**दीपावली** दो शब्दों 'दीप' और 'आवली' से मिलकर बना है, जिसमें दीप का आशय दीपक अर्थात् प्रकाश से है तथा आवली का अर्थ पंक्तिबद्ध होने से है। इस प्रकार दीपकों को पंक्तिबद्ध कर प्रज्ज्वलित करने को दीपावली कहा जाता है। कार्तिक मास की अमावस्या को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के लंका पर विजय प्राप्त कर अयोध्या नगरी वापस लौटने पर अयोध्यावासियों ने अपने-अपने घरों पर पंक्तिवार दीपक प्रज्ज्वलित करके अपने हर्ष और उल्लास को प्रकट किया था। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए आज भी हम लोग कार्तिक मास की अमावस्या को प्रभु श्रीराम के स्वागत में अपने-अपने घर-आंगन पर दीप प्रज्ज्वलित कर खुशियों के पर्व दीपावली को अत्यन्त हर्षोल्लास से मनाते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से दीपक से आशय है प्रकाश, प्रेम और ज्ञान। दीपक मनुष्य और परमपिता परमेश्वर के मध्य संवाद के रूप में यज्ञ और अग्नि का प्रतिनिधित्व करता है । इसीलिए अपने आराध्य प्रभु और मां आदिशक्ति की प्रार्थना और उनकी कृपा दृष्टि पाने के लिए दीपक जलाकर उनकी आरती करने का विधान है।

आध्यात्मिक दृष्टि से अंधकार और प्रकाश दोनों का अपना-अपना महत्व है, जहां एक ओर अंधकार सृजन और साधना का स्रोत है, वहीं दूसरी ओर प्रकाश इंद्रिय और भौतिक सुख का पर्याय है। चूंकि, हम सभी मनुष्य भौतिक प्रधान संसार में जीवन यात्रा करते हैं, इसलिए हमारे जीवन में अंधकार की अपेक्षा प्रकाश का महत्व अधिक है। अंधेरे को अज्ञान तथा प्रकाश को ज्ञान कहा गया है। इस पावन दिवस पर तमाम दीपक जलाने के पीछे यही उद्देश्य है कि हम अपने अंदर के ज्ञान और प्रकाश रूपी दीपक को प्रज्जवलित करें, क्योंकि ज्ञान एक ऐसा माध्यम है जो हमें अपने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति में हर क्षण रास्ता दिखाता है तथा प्रेम प्रकृति और समाज के प्राणियों को एक दूसरे में करुणा और सहायता का भावद्म उत्पन्न करता है। चूंकि ज्ञान को चेतन कहते है और चेतन मनुष्य के मस्तिष्क में भगवान शिव के तत्व के रूप में वास करता है तथा प्रेम मनुष्य की आत्मा में भगवान विष्णु जी के अंश के रूप में वास करता है इसीलिए इस पावन दिवस पर हम संपूर्ण घर में दीपक जलाकर अपने शरीर में सूक्ष्म अंश के रूप में व्याप्त परमपिता शिव और भगवान विष्णु की आराधना कर अपने अंदर ज्ञान और प्रेम की ज्वाला प्रज्ज्वलित करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त इस पावन दिवस पर माता लक्ष्मी जी और प्रथम पूज्य श्री गणेश जी का पूजन कर उनकी कृपा दृष्टि प्राप्त की जाती है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र मंथन में कार्तिक की अमावस्या के दिन माता लक्ष्मी जी का प्रकृति में अवतरण हुआ था इसीलिए धन और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी के जन्मदिवस पर उनकी पूजा की जाती है।

**प्राकृतिक संतुलन और रक्षण**

**दीपावली का समय वर्षा ऋतु के समापन तथा शरद ऋतु के आगमन के संधिकाल में होता है। इस दौरान मौसम के बदलाव से वातावरण में दुर्गंध, फंफूद, कीट-पतंगों को विकसित होने की पर्याप्त स्थितियां उपलब्ध रहती हैं, इसलिए वातावरण में असंख्य की संख्या में ये प्रदूषित और विनाशकारी कीट-पतंगे उत्पन्न हो जाते हैं। इनकी रोकथाम न की जाए तो ये अनेक घरेलू वस्तुओं, अन्न को तो प्रदूषित करते ही हैं, साथ में जानवरों और मुनष्यों के अंदर भयावह बीमारियां भी उत्पन्न कर देते हैं। इसी कारण से दीपावली पर्व पर सभी घरों और सामाजिक स्थलों की साफ-सफाई करने की प्रथा है। दीपावली के दिवस में तेल के असंख्य दीप प्रज्जवलन की प्रक्रिया से प्रकृति में जीवों का संतुलन तथा समाज को इनसे होने वाले विभिन्न प्रकार के नुकसानों का रक्षण होता है।**

### सामाजिक संदेश

वर्तमान में दीपावली के अवसर पर अनेक प्रकार के ज्वलनशील पटाखों को जलाने तथा मदिरापान करने और जुआ आदि खेलने की प्रथा भी देखने को मिलती है, जो कि किसी दृष्टिकोण से कतई उचित नहीं है। यहां इस बात को समझना होगा कि ऐसी हर क्रिया, जिससे प्रकृति और समाज का विनाश हो या उसको क्षति पंहुचे, को करने से ईश्वर प्रसन्न नहीं होता है। इस समय मौसम में नमी रहने के कारण पटाखों के जलाने से प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है जिससे प्रकृति के जीव-जन्तु तथा पेड़ पौधों का तो विनाश होता ही है बल्कि प्रदूषण से जनमानस प्रभावित होता है। इसलिए समस्त समाज से निवेदन है कि हम सभी को दीपावली के अध्यात्मिक और सामाजिक महत्व को समझकर इन पटाखों को जलाने तथा मदिरापान और जुआ आदि की कुरीतियों को त्यागकर दीपावली के पावन पर्व पर अपने अंदर के प्रेम और ज्ञान के दीपक को प्रज्ज्वलित करना चाहिए जिससे कि समाज में प्रेम और सौहार्द और समृद्धि का वातावरण बने।

# डीएम संग एसपी ने सुहवल में लगाया थाना दिवस, सुनी फरियाद निस्तारण के लिए दिया निर्देश



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन के निर्देश पर द्वितीय, शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना सुहवल में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर थाना सुहवल 03 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया जिसमें 03 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना दिवस पर समीक्षा के दौरान शिकायतो के निस्तारण के दौरान लेखपालों की अनुपस्थित पाई जिसपर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित पाने वाले लेखपालो का तत्काल वेतन रोकने का आदेश दिया तथा लेखपालों को निर्देश दिया कि वह भूमि विवाद रजिस्टर बना ले, जिन लेखपाल के पास भूमि विवाद रजिस्टर नहीं पाया जाएगा उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिस गांव की शिकायत आती है वो मौके पर गांव के संबंधित लेखपाल एवं पुलिस विभाग की टीम के साथ मिलकर निस्तारण करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सुहवल, अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## काशवी के नए शोरूम का गुरूबाग में हुआ भव्य उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। गुरु बाग स्थित पार्वतीपुरी कॉलोनी में काशवी के नए शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन` शोरूम का उद्घाटन भदोही के प्रसिद्ध कालीन निर्यातक कैलाश नारायण बरनवाल के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया इस अवसर पर शोरूम के डायरेक्टर अमित बरनवाल ने बताया कि यह शोरूम बनारस में अपने आप में एक अनूठा शोरूम है जिसमें ग्राहकों के लिए हस्त निर्मित कालीन, बनारसी साड़ी और इमिटेशन ज्वेलरी (आर्टिफिशियल ज्वैलरी) की विस्तृत रेंज उपलब्ध है` हस्त निर्मित कालीनों की श्रृंखला 1200 से शुरू होकर डेढ़ लाख तक है इसी प्रकार बनारसी साड़ी 1200 से शुरू होकर 15000 तक की रेंज में है और साथ ही इमिटेशन ज्वेलरी (आर्टिफिशियल ज्वैलरी) 200 से शुरू होकर 20000 तक की रेंज में उपलब्ध है इस शोरूम में उपलब्ध आइटमों की रेंज इस प्रकार की है कि सभी प्रकार के ग्राहकों के बजट में फिट हो सके` इस अवसर पर सौम्या बरनवाल, उपमा बरनवाल, कृष्णा बरनवाल, सागर बरनवाल, परमानन्द सिंह आदि अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

## लक्ष्मी पांडाल में सो रहे किशोरों पर फायरिंग एक की मौत, दूसरा घायल

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सुरैना निवासी नन्दू निषाद पूजा के लिए पांडाल लगाए थे। शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे के आस पास वाइक पर सवार दो युवक आकर पांडाल में सो रहे मोनू निषाद पुत्र राम जतन निषाद उम्र करीब 14 वर्ष और और अजीत निषाद पुत्र नन्दू निषाद उम्र करीब 15 वर्ष पर फायरिंग कर दिया, जिससे मोनू निषाद की मौत हो गई और अजीत के हाथ में गोली लगी है जिसका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के ग्राम सुरैना में शुक्रवार की रात नन्दू निषाद लक्ष्मी पूजा के लिए घर पर लक्ष्मी पांडाल लगाए थे जिसमें मोनू और अजीत सो रहे थे कि पिपराइच थाना क्षेत्र के तिकोनिया नंबर 2 निवासी भोलू निषाद वाइक पर सवार होकर आया और पांडाल में सो रहे किशोर मोनू और अजीत पर फायरिंग कर दिया जिससे मोनू की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई और अजीत घायल हो जिसका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। सूत्रों के अनुसार पता चला कि आरोपित भोलू निषाद के बड़े भाई की शादी नन्दू निषाद के भाई बेचन निषाद के लड़की से हुई है उसी सम्पर्क से आरोपित भोलू निषाद का आना-जाना लगा रहता था कि उसका सम्पर्क नन्दू निषाद की लड़की से हो गया था। नन्दू निषाद अपनी लड़की की शादी बीते 18 मई 2023 को बहरामपुर गोरखपुर में तय किए थे, लेकिन शादी को आरोपित भोलू निषाद नहीं होने दिया और शादी वर पक्ष के लोग करने से इंकार कर दिए। आरोपित भोलू निषाद नन्दू निषाद की लड़की से शादी करना चाह रहा था लेकिन लड़की के परिवार के लोग तैयार था नहीं थे, इसी से खार खाए आरोपित ने लड़की के भाईयों पर फायरिंग कर हत्या करना चाह रहा था। पुलिस ने घटना स्थल से गोली के दो खोखा बरामद किया है । पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक के पिता रामजतन निषाद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित भोलू निषाद को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## स्टेट चैम्पियनशिप के लिए गाजीपुर की बॉक्सिंग टीम गठित, हुआ 9 बाक्सरों का चयन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। क्षेत्र के गैबिपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी में सनिवार देर सांम तक चली जिले कि एलीट सीनियर पुरुष बॉक्सरों का ट्रायल आयोजित किया गया, जिसमे कुल 9 बॉक्सरों का चयन हुआ है। मुख्य चयनकर्ता मुनिब सिंह यादव ने बताया कि यह ट्रायल गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आहूत की गई थी, जिसमे मेजबान गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी गैबिपुर, वसीम बॉक्सिंग क्लब दिलदारनगर, दीपू बॉक्सिंग क्लब सेवराई, पी.जी. कॉलेज गाजीपुर इत्यादि से करीब 28 सीनियर बॉक्सर प्रतिभाग किये थें।श्री यादव ने बताया कि 48 किग्रा में सूर्यजीत यादव, 51 किग्रा में संजीव कुमार, 54 किग्रा में हरिओम, 60 किग्रा में विष्णु प्रकाश पाल, 67 किग्रा में रिषभ यादव, 75 किग्रा में अंकित सिंह यादव, 80 किग्रा में ध्रुव कुमार गुप्ता, 86 किग्रा में मुहम्मद सद्दाम खांन और 92 किग्रा में मुहम्मद अजहर खांन का चयन गाजीपुर टीम हुआ। गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ी उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आगरा के बोस्टन पब्लिक स्कूल में 17 से 19 नवम्बर तक आयोजित प्रथम एलिट मेंस बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में गाजीपुर टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिले की बॉक्सिंग टीम कोच जयहिन्द यादव के नेतृत्व में 16 नवम्बर को औड़िहार रेलवे जंक्सन से आगरा के लिए रवाना होगी।

## पांच दिवसीय दर्शन के दूसरे दिन लगी भक्तों की लंबी कतार ,हजारों की संख्या में पहुंचे दक्षिण भारतीय भक्त, घंटों बाद मिला एक झलक




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महादेव की नगरी काशी में गौरी रूप में माता अन्नपूर्णा विराजी है भारत का एक मात्र मंदिर जहा स्वर्णरूपि स्वरूप में चार दिन दर्शन देती है माता अन्नपूर्णा इनके आगे अन्न हेतु स्वयं शिव झोली फैलायी इस वर्ष पांच दिन का दर्शन मिल रहा है जहां देश के कोने कोने से भक्त अपने भाव के साथ मंदिर के प्रथम तल पे विराजी माता का दर्शन पा रहे हैं। महंत शंकर पूरी ने कहा की सब की मनोकामना माता पूर्ण करती है राष्ट, राज्य देश का कल्याण हो, देश का नाम हो` स्वर्णमयी दर्शन के दूसरा दिन है सविधि पूजन कर भोर में आम भक्तो के लिए चार बजे पट खोल दिया गया कतार गोदौलिया तक पहुंच चुकी थी भक्त कतारबद्ध होकर माता का जयकारा करते दर्शन कर बाहर निकले देर साम कतार समान्य हुई। काशी में भारी मात्रा में दक्षिण भारती भक्त पहुंचे हुए है सभी कतार में लग कर देवी अन्नपूर्णा का दर्शन कर भाव विभोर रहे सुरक्षाकर्मी और मंदिर के सेवादार आने वाले भक्तो को सुगम दर्शन कराने में लगे रहे` कंट्रोल में लगे कैमरे पे मंदिर प्रबंधक लगातार नजर बनाए हुए थे।

## होटल में पुलिस ने की छापेमारी, ग्यारह जुआड़ी लाखों रूपए नगदी व मोबाइल के साथ गिरफ्तार

प्रखर जौनपुर। कोतवाली पुलिस टीम ने 11 जुआड़ियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर उनके पास से तीन ताश की गड्डी व लाखों रूपए नगद व 11 मोबाइल फोन बरामद करने का दावा किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा व विनीत राय, चौकी इंचार्ज भंडारी तार्केश्वर राय पुलिस जवानों के साथ 10 नवंबर को सत्यम गेस्ट हाउस वाजिदपुर उत्तरी के अन्दर कमरे में बैठ कर अभियुक्तों द्वारा हार जीत की बाजी लगा कर जुआ खेला जा रहा था। उसी समय दबिश देकर 11 अभियुक्त रिंटू गुप्ता पुत्र निहोरी गुप्ता निवासी कस्बा गौरा बादशाहपुर थाना गौराबादशाहपुर, सुरेन्द्र विक्रम राय पुत्र स्व0 उमाशंकर राय निवासी ढालगर टोला थाना कोतवाली संतलाल निषाद पुत्र स्व0 मनोहर निवासी धमापुर थाना गौरा बादशाहपुर 4. दीपक मिश्रा पुत्र स्व बांकेलाल मिश्रा निवासी महगुपुर चौकिया धाम थाना लाईनबाजार 5. योगेन्द्र विक्रम सिंह पुत्र स्व0 राम अवध सिंह निवासी जमैथा थाना जफराबाद 6. शुभम गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार निवासी पुरानीबाजार थाना कोतवाली 7.धर्मेन्द्र चौहान पुत्र स्व0 श्री राम चौहान निवासी शाह का पंजा (बाबूपुर) थाना जफराबाद 8.मनीष सिंह पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह निवासी शेरवा थाना सिकरारा 9. बच्ची सोनी पुत्र रामाआसरे सोनी निवासी प्रतापगंज थाना सिकरारा 10. सुशील यादव पुत्र स्व0 पारसनाथ यादव निवासी रासमण्डल (रामचित्र मन्दिर गली) थाना कोतवाली 11. मोहम्मद रईश पुत्र स्व0 अब्दुल हफिज निवासी चाचकपुर थाना कोतवाली को समय करीब 11.35 बजे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन ताश की गड्डी व दो लाख चार सौ रुपया नगद व जामा तलाशी से सोलह सौ रुपये व 11 मोबाइल फोन बरामद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने भेजा दीपावली पर्व का शुभकामना संदेश सिद्धपीठ ने जताया आभार

प्रखर जखनिया गाजीपुर। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा क्षेत्र के अति प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन जी महाराज को दीपावली का शुभकामना संदेश भेजा गया। मुख्यमंत्री द्वारा सिद्धपीठ पीठाधीश्वर को दिए गए बधाई संदेश के बाबत महामंडलेश्वर जी द्वारा मुख्यमंत्री का आभार ज्ञापित किया गया। पंच दीपोत्सव पर्व दीपावली के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद के सिद्धपीठ हथियाराम मठ पीठाधीश्वर व जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति जी महाराज को शुभकामना संदेश के साथ ही दीपावली का उपहार भी भेजा गया। जिसमें मिट्टी के दीपक, रोली चंदन इत्यादि के साथ ही अन्य सामग्रियां भी रही। महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति जी महाराज ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए दीपावली का शुभकामना दिया। महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति जी महाराज को यह शुभकामना संदेश पत्र व उपहार भेट जनपद के जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने सिद्धपीठ पहुंचकर दिया।

### त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

जखनियां गाजीपुर।स्थानीय कस्बा में दीपावली त्यौहार को लेकर बाजारों में खरीदारों की भीड़ से सुरक्षा की दृष्टिगत उप जिलाधिकारी कमलेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकार शेखर सेंगर सिंह ने भुडकुंडा कोतवाल प्रभारी तारावती यादव के साथ कस्बा के सब्जी मंडी ,सोनार गली ,नवी बाबा गली ,सहित यूनियन बैंक , परसुपुर, पोस्ट ऑफिस रोड पर दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया । पुलिस के साथ अधिकारियों को पैदल आते देख बाजार में बिना कामकाज के घूम रहे लोग गलियों के सहारे भाग निकले ।कस्बा में व्यापारियों को अगाह किया कि कोई भी मनवढ अराजक तत्व दिखाई देवे या किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें ।वैसे बाजारों में सुरक्षा की दृष्टिगत पुलिस कर्मियों की पीकेट ड्यूटी भी लगाई गई है ।कहां व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है इनके द्वारा भुडकुडा, बुढानपुर , रामपुर बलभद्र ,बाजार में भी भ्रमण किया गया ।

### एसपी ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में किया जागरूक

प्रखर जौनपुर। महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु उ.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराए जाने एवं महिला सम्बन्धित अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा शनिवार को पुलिस लाइन जौनपुर में उमा बैजंती पब्लिक स्कूल बदलापुर,गोमती पब्लिक स्कूल केराकत व नीलदीप एकेडमी जौनपुर के छात्राओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे- शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, साइबर सेल आदि के साथ-साथ महिला अपराध व अपराध से बचाव के तरीके बताये गये तथा विभिन्न हेल्पलाइन नं. (112,1090,181,108,1076,1098) इत्यादि की जानकारी देकर जागरुक किया गया।

### पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील क्षेत्र में दीपावली त्योहार को लेकर बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़ व जाम से आम जनता से लेकर पुलिस तक परेशान दिखे। उप जिलाधिकारी पिंडरा प्रतिभा मिश्रा और एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार एसओ फूलपुर व एसओ सिंधोरा के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर दुकानदारों और आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाते रहे। क्षेत्र के बाबतपुर, मंगारी, पिंडरा, फूलपुर, कठिराव, सिंधोरा समेत आधा दर्जन से अधिक मिश्रित आबादी और भीड़भाड़ इलाकों में दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया । पुलिस के साथ अधिकारियों को पैदल आते देख बाजार में बिना कामकाज के घूम रहे लोग गलियो के सहारे भाग निकले । कस्बा में व्यापारियों को अगाह किया कि कोई भी मनबढ़ व अराजक तत्व दिखाई दे तो पुलिस को सूचित करें । वही जगह जगह पिकेट ड्यूटी भी लगाई गई थी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, खलीलाबाद से वापस आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर घटनास्थल पर ही मौत



प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत बिगही निवासी प्रमोद यादव पुत्र देवनारायण कल रात खलीलाबाद से निजी वाहन से वापस अपने घर आ रहे थे तभी संतकबीरनगर के रैना पेपर मिल के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया और मौके से फरार हो गया। युवक की घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगो द्वारा परिजनों को घटना की सूचना दी गई सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुँचकर शव को लेकर सदर अस्पताल संतकबीरनगर पहुंचे और पुलिस की मदद से शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक प्रमोद यादव दो भाई है प्रमोद छोटे थे बडे भाई श्याम सुंदर यादव पढ़ाई एवं भर्ती तैयारी कर रहे मृतक प्रमोद सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे थे ।पिता देवनारायण जी शिक्षक हैं।











आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन की तरफ से समस्त देशवासियों को दिपावली, छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

















प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं